सुप्रभात
रांची, मंगलवार
20.06.2023

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

रथ यात्रा आज

* नगर संस्करण । पेज : 12 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 335 | khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### पुरी में श्रद्धालुओं ने किये प्रभु के नबजौबन दर्शन

**भुवनेश्वर।** पुरी में विश्व प्रसिद्ध नौ दिवसीय रथ यात्रा मंगलवार से शुरू हो रही है, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। सोमवार को नबजौबन दर्शन के अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में दर्शन किये। मंगलवार से शुरू हो रही नौ दिवसीय रथ यात्रा को देखने के लिए तीर्थ नगरी पुरी में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

### गुमला में वज्रपात से तीन लोगों की मौत

**गुमला।** घाघरा प्रखंड के कुहीपाठ जामटोली गांव में सोमवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से एक लड़की समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में सविता कुमारी (16), दीपक साहू (10) और चेगरी गांव के सोमा उरांव (46) शामिल हैं। वहीं सीमा कुमारी (13) झुलस गयी है।

### आइएएस रवि सिन्हा रॉ के प्रमुख बनाये गये

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी रवि सिन्हा को खुफिया एजेन्सी अनुसंधान एवं विश्लेषण शाखा (रॉ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने श्री सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल कार्यभार संभालन के बाद दो वर्ष तक या अगले आदेश तक रहेगा।

### बंगाल चुनावी हिंसा पर आज होगी सुप्रीम सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय पश्चिम बंगाल स्थानीय निकाय के चुनाव के मद्देनजर राज्य के सभी संवेदनशील जिलों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। राज्य में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव हैं।

### कनाडा में खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या

**चंडीगढ़।** भारत सरकार द्वारा कनाडा में रह रहे घोषित वांछित आतंकवादी खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जरको ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे की पार्किंग में दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के अध्यक्ष था।

### छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस का लाठीचार्ज

**रांची।** जैक के नामकुम कार्यालय सोमवार को 11वीं के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्र पहुंचे। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो से मिलने की मांग पर वे कार्यालय के बाहर बैठ गये और प्रदर्शन करने लगे। इसे रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

### एनएचएआइ चेयरमैन 22 को झारखंड में

**रांची।** नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआइ) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव 22 को रांची आयेंगे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

# आज निकलेगी ऐतिहासिक रथ यात्रा

ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला मंगलवार निकलेगी। 15 दिन के एकांतवास से भगवान जगन्नाथ का सोमवार को परंपरागत विधिविधान से नेत्रदान संपन्न हो गया। नेत्रदान के बाद भगवान ने भक्तों को दर्शन दिया। मंगलवार की रथयात्रा को ले कर लोगों में भारी उत्साह है। नेत्रदान अनुष्ठान के बाद दूसरे दिन भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी के लिए रवाना होते हैं।


जगन्नाथ मंदिर में हुआ नेत्रदान अनुष्ठान

## मुख्यमंत्री को मिला आमंत्रण

सीएम हेमंत सोरेन को रांची के जगन्नाथपुर मंदिर रथ यात्रा महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। सोमवार को जगन्नाथपुर मंदिर, धुर्वा, रांची के प्रथम सेवक सह मंदिर न्यास समिति के सदस्य ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव एवं सेवक अमरदीप कौशल ने भेंट कर उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपा।



# संथाल के रास्ते झारखंड पहुंचा मानसून

**मिली राहत : नजर आने लगे काले-काले बादल, कई इलाकों में बारिश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लंबे इंतजार के बाद झारखंड में मानसून ने दस्तक दे दी है। संथाल परागना के रास्ते झारखंड में मॉनसून प्रवेश कर गया है। राजधानी रांची में काले बादल साफ नजर आने लगे हैं। इसके साथ ही कई जिलों में बारिश शुरू हो गयी है। मौसम विभाग रांची ने भी झारखंड में मानसून के प्रवेश का ऐलान कर दिया है।

डॉ अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून की एंट्री हो गयी है। रांची में सोमवार को रांची समेत कुछ इलाकों में प्री मॉनसून झमाझम बारिश हुई। इसके कारण शाम में तापमान में गिरावट दर्ज हुई। सोमवार को रांची समेत झारखंड के कई इलाकों में हल्की-फुल्की बारिश भी हुई। अगले चार-पांच दिनों में राज्यभर में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। अगले दो दिन में जमशेदपुर में भी मॉनसून प्रवेश करेगा। (शेष पेज 11 पर)



**इंतजार खत्म, राहत की सांस :** झारखंड में लंबे समय से मानसून का इंतजार हो रहा था। तपती धरती और लू ने लोगों को परेशान कर दिया था। घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। पलामू राज्य सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.5 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा था। अगर इस बार अच्छी बारिश नहीं हुई तो कई इलाकों में जल संकट और गहरा हो जायेगा। मौसम विभाग की ओर से झारखंड में 2023 में सामान्य बारिश की संभावना जतायी है। 10 साल के जो बारिश के आंकड़े हैं वो पांच-पांच के अंतराल के बाद कम होता रहा है।

# गांव-गांव में सरकार खोलेगी दवा दुकान

## भूमि अधिग्रहण के प्रभावितों से अन्याय नहीं होने देंगे : सीएम

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने पर जोर
- चतरा को दी कई सौगात, झारखंड में पंचायत स्तरीय दवा दुकान योजना का शुभारंभ किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/चतरा।** सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट पंचायत स्तर दवा दुकान योजना की सौगात झारखंड को दी है। सीएम ने सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को पंचायतों में दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस सौंप कर इस योजना का शुभारंभ किया। यहां जरूरी और अनिवार्य दवाएं उपलब्ध होंगी, ताकि, रिमोट और दूरदराज में रहने वाले ग्रामीणों को दवाओं के लिए प्रखंड और जिले की दौड़ नही लगानी पड़े।

सरकार, राज्य को एक बेहतर और जिम्मेदार व्यवस्था देने का प्रयास कर रही है ताकि योजनाएं ग्रामीण इलाकों तक पहुंच सके। इस सिलसिले में सरकार आपके द्वार में कार्यक्रम के माध्यम से आपकी समस्याओं का निष्पादन किया गया। इस तरह की योजना फिर से शुरू की जायेगी। एक दिवसीय दौरे पर चतरा पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम शामिल हुए।

इस मौके पर सीएम ने करीब 3 अरब 78 करोड़ रुपये की 219 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इस मौके पर सीएम ने भूमि अधिग्रहण से प्रभावित लोगों को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

(शेष पेज 11 पर)




### धरातल पर काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार एयर कंडीशनर कमरे में बैठकर नहीं, बल्कि जाड़ा, गर्मी और बरसात कोई भी मौसम हो, फील्ड में काम कर रही है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गांव भ्रीण कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लें। कहा कि देश तभी मजबूत होगा जब राज्य मजबूत होगा। इसी बात को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्य केंद्र में रखकर योजनाएं बना रही हैं। किसान, मजदूर स्वावलंबी बने, उनकी आय में वृद्धि बढ़े, बेहतर शिक्षा, रोजगार मिले, स्वरोजगार देने को विशेष तौर पर काम चल रहा है। अफसरों को स्पष्ट निर्देश है कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें।

# छवि रंजन समेत दस पर चलेगा मुकदमा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व निलंबित आइएएस अधिकारी छवि रंजन, कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल समेत 10 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलेगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने सोमवार को इडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। साथ ही, अदालत ने अगली तिथि एक जुलाई को पुलिस पेपर पेश करने का निर्देश इडी को दिया गया है। इडी ने जमीन घोटाले से प्राप्त अवैध राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले की जांच पूरी करते हुए बीते 12 जून को जेल में बंद 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में छवि रंजन, अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, सेना जमीन के फर्जी मालिक प्रदीप बागची, कोलकाता व रांची में फर्जी कागजात बनाने वाले रिम्स कर्मी अफसर अली, अफसर के सहयोगी सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तहला खान, फैयाज खान, बड़गाईं अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद के खिलाफ मुकदमा चलेगा। सेना की 4.55 एकड़ जमीन खरीदने वाली कंपनी जगतबंधु टी-एस्टेट अमित अग्रवाल के परिवार की कंपनी राजेश ऑटो मर्चेंडाइज भी चार्जशीटेड है। (शेष पेज 11 पर)

### हाइकोर्ट ने इडी से गिरफ्तारी पर मांगा जवाब



बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य जमीनों की अवैध खरीद- बिक्री मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की ओर से गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी। कोर्ट को प्रार्थी छवि रंजन की ओर से बताया गया कि इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। इडी द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया जाना गलत है। अतः उनके खिलाफ दर्ज केस को निरस्त किया जाये।

### पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन की तैयारी शुरू

**रांची।** पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का दूसरा ट्रायल रन सफल होने के बाद अब ट्रेन के उद्घाटन की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। संभावना है कि 27 जून को वंदे भारत ट्रेन को रांची से हरी झंडी दिखायी जाये। पीएम मोदी इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम ऑनलाइन होगा या ऑफलाइन यह अभी तय नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक 27 को सुबह के 11:00 बजे यह ट्रेन पटना के लिए स्पेशल ट्रेन के रूप में रवाना होगी। इन सबके बीच रांची रेल मंडल इस ट्रेन के उद्घाटन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने कहा कि उद्घाटन की तारीख अभी तय नहीं हुई है। वंदे भारत ट्रेन का दो बार ट्रायल सफल हो चुका है। टाइम टेबल और किराया रेलवे से जल्द ही जारी किये जाने की संभावना है।

### पलामू में भीषण गर्मी से 24 घंटे में छह से अधिक की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के अंदर हीट वेव से 6 लोगों से अधिक की मौत हो गयी है। पिछले तीन दिनों से यहां का तापमान 45 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। सोमवार को झारखंड में मानसून की दस्तक से पहले पलामू में आग बरस रही है। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में सोमवार को चार शवों का पोस्टमार्टम किया गया है। इनमें से दो की मौत लू लगने से हुई है। वहीं पांकी, पाटन, हुसैनाबाद, मेदिनीनगर, बिश्रामपुर, छत्तरपुर के इलाके में गर्मी से लोगों की मौत हुई है। गर्मी के कारण जिन लोगों की मौत हुई है उनमें बुजुर्ग और युवा शामिल हैं। सोमवार को प्रमंडल मुख्यालय में अशोक राम नामक युवक की लू लगने से मौत हो गयी। वहीं पाटन थाना क्षेत्र के भुड़वा में विश्वनाथ राम नामक व्यक्ति की भी लू लगने से मौत हुई है।

## यूएनओ में 21 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करेंगे मोदी

# चीन के खिलाफ अमेरिका को भारत का साथ जरूरी


एजेंसी

**वॉशिंगटन।** भारत के पीएम मोदी का एक और अमेरिका दौरा 21 जून से शुरू हो रहा है। मोदी दूसरे भारतीय पीएम हैं जिनका व्हाइट हाउस में राजकीय स्वागत किया जायेगा। विदेश नीति के जानकारों की मानें तो जिस तरह से भारत का कद बढ़ता जा रहा है, उसके बाद अब वह अमेरिका के लिए एक अनिवार्य साथी हो गया है। चीन का मुकाबला करने और चीनी आक्रामकता का जवाब देने के लिए अमेरिका को अपनी कोशिशों में भारत का साथ चाहिए ही होगा। अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों तक भारतीय समुदाय फैला हुआ है। पीएम मोदी 20-24 जून तक राष्ट्रपति जो बाइडेन के निमंत्रण पर संयुक्त राज्य अमेरिका जा रहे हैं। अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 9वें संस्करण का नेतृत्व करेंगे। (शेष पेज 11 पर)



### मोदी-वाइडेन की उच्चस्तरीय वार्ता

योग दिवस समारोह के बाद पीएम मोदी वाशिंगटन डीसी की यात्रा करेंगे, जहां 22 जून को व्हाइट हाउस में उनका औपचारिक स्वागत किया जायेगा और उच्च स्तरीय संवाद जारी रखने के लिए राष्ट्रपति बाइडेन से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति और प्रथम महिला जिल बिडेन उसी शाम मोदी के सम्मान में एक राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। मोदी 22 को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। व्हाइट हाउस में 22 जून को उनका राजकीय स्वागत होगा। कई विशेषज्ञों की मानें तो उनका यह दौरा बताने के लिए काफी है कि अमेरिका की लिस्ट में भारत कैसे टॉप पर आ गया है।






## मेले को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की तैनाती



**रांची।** जगन्नाथपुर मेले को लेकर उपायुक्त व एसएसपी की ओर से संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के लिए 44 पुलिस पदाधिकारियों व मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। वहीं, 14 जगहों पर बैरियर व ड्रॉप गेट पर लगाया गया है। दस पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षित दंडाधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। इन जगहों पर एक चार अतिरिक्त फोर्स की भी तैनाती गई है। दस दंडाधिकारी को सुरक्षित जोन में रखा गया है। इसके अतिरिक्त गश्ती दल, मेला पुलिस आउट पोस्ट, ठहरने की व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल एवं सफाई व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, शौचालय व्यवस्था, वाच टॉवर एवं स्टेज की व्यवस्था, खोये हुए व्यक्तियों के बारे में सूचना, टेन्ट की व्यवस्था की गई है।

# प्रभु जगन्नाथ का नेत्रदान संपन्न हुआ, ऐतिहासिक रथ यात्रा आज

### एकांतवास में रहने के बाद भगवान जगन्नाथ ने भक्तों को दिये दर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** ऐतिहासिक बड़कागढ़ की जगन्नाथपुर रथ यात्रा आज है। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके पहले कल सोमवार को ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में नेत्रदान संपन्न हो गया। रथ यात्रा 2023 की तैयारियां अंतिम चरण में है। रथ यात्रा की पूर्व संध्या पर नेत्रदान की पूजा संपन्न होने के बाद भगवान जगन्नाथ भक्तों को दर्शन दिया। जगन्नाथपुर मंदिर में भगवान जगन्नाथ के नेत्रदान की पूजा संपन्न होने पर 15 दिन के एकांतवास के बाद अब भगवान श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं।

झारखंड की ऐतिहासिक रथ यात्रा जगन्नाथपुर मंदिर से निकाली जाती है। इसको लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि नेत्रदान के दिन भगवान आम लोगों के लिए एकांतवास से बाहर आते हैं। उन्होंने बताया कि 4 जून को भगवान महास्नान के बाद सीधे एकांतवास में चले जाते हैं। करीब 15 दिनों के बाद वह लोगों को दर्शन के लिए फिर से बाहर आते हैं। मुख्य पुजारी ने कहा कि भगवान जब तक एकांतवास में रहते हैं तब तक उनके खान-पान साज सज्जा का ख्याल रखा जाता है। 15 दिन तक भगवान की आंखों को नहीं सजाया जाता है। वहीं 15 दिन के बाद जैसे ही भगवान हम लोगों को दर्शन देने बाहर आते हैं, उसी दिन नेत्रदान पूजन के माध्यम से उनके नेत्रों को सजाया जाता है।

इस संबंध में पंडित अश्विन जी महाराज बताते हैं कि नेत्रदान पूजा के दूसरे दिन भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी के लिए रवाना होते हैं। नेत्रदान पूजा के दिन 4000 लोगों को प्रसाद का भोग खिलाया जाता है।

---

**चेशायर होम जमीन घोटाला मामला**

## सीआई को मिला था रसीद कटवाने के लिए दो लाख

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चेशायर होम की जमीन हेराफेरी के मामले में इडी को एक स्वलिखित डायरी मिली है। डायरी में लिखा गया है कि निलंबित बड़गाईं सीआई भानु प्रताप प्रसाद को जमीन कटवाने के एवज में 6 दिसंबर 2021 को दो लाख रुपए कैश दिए गए थे। चेशायर होम रोड स्थित जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ के लिए बड़गाईं अंचल के अधिकारियों और कर्मचारियों को कितने-कितने पैसे दिए गए हैं, इस बात का खुलासा किया गया है। लैंड स्कैम से जुड़ी डायरी में हिसाब-किताब लिखा हुआ है। इतना ही नहीं चेशायर होम रोड की भूमि में कब-कब किसे-किसे कितना भुगतान हुआ है, यह सब कुछ डायरी में तारीख के साथ लिखा गया है। भानु प्रताप वही हल्का कर्मचारी है, जिसके घर से जमीन घोटाले में हुई छापेमारी के दौरान हजारों सरकारी दस्तावेज और 17 रजिस्टर समेत नकदी बरामद हुए थे। चेशायर होम रोड की बेशकीमती भूमि की खरीद बिक्री और म्यूटेशन में भानु प्रताप आरोपी है और बड़गाईं सीओ की भूमिका संदिग्ध बतायी गयी है।

**फर्जी कागजात तैयार करने वाले गिरोह को मिलता था संरक्षण**

## पूर्व उपायुक्त छवि रंजन अपने आवास के गोपनीय कार्यालय में करते थे मीटिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद-बिक्री की जांच में नया खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि कथित रूप से फर्जी कागजात तैयार करने वाले गिरोह के लोगों से छवि रंजन अपने आवास स्थित गोपनीय कार्यालय में मीटिंग करते थे। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि सेना के कब्जे वाली जमीन की रजिस्ट्री के लिए डीसी रहते हुए छवि रंजन ने रांची के तत्कालीन जिला अवर निबंधक घासी राम पिंगुआ पर दबाव बनाया था। छवि रंजन ने घासी राम पिंगुआ को अपने घर पर बुलाकर रजिस्ट्री नहीं करने पर ट्रांसफर की धमकी भी दी थी। छवि रंजन ने घासी राम पिंगुआ से कहा कि सभी तथ्यों को नदरअंदाज करते हुए रजिस्ट्री करें क्योंकि इस रजिस्ट्री में कई बड़े लोग शामिल हैं। इतना ही नहीं इस केस के एक आरोपी ने स्वीकारोक्ति बयान में कहा है कि चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद-बिक्री में किसी सरकारी अफसर से कोई पैसा नहीं लिया। सरकारी अफसरों ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उन्हें यह बात मालूम थी कि यह काम अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश का है।

गौरतलब हो कि फर्जी कागजात के आधार पर शहर के कई इलाकों में जमीन की खरीद बिक्री के मामले में ईडी ने 13 अप्रैल को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद 14 अप्रैल को सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, इम्तियाज अहमद, मो. सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद और पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान निवासी प्रदीप बागची शामिल है। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को 4 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सात जून को अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया गया था।

**खबर एक नजर में**

### चांद नजर आया, ईद उल अजहा 29 जून को

**रांची।** सोमवार को जिल हिज्जह महिने का चांद देश के विभिन्न क्षेत्रों में नजर आया है, जिसकी तसदीक कर ली गयी है, इसलिए दिनांक 20 जून 2023 दिन मंगलवार को जिल हिज्जह महिने की पहली तारीख है और दिनांक 29 जून 2023 दिन गुरूवार को 10 जिल हिज्जह यानी ईद उल अजहा है। यही फैसला मरकजी दारूल कजा इमारत शारीया फुलवारी शरीफ पटना का है। यह सूचना दारूल कजा इमारत शारीया से मौलाना अबु दाउद कास्मी ने दिया है।

### सिविल कोर्ट में ई-फाइलिंग पर कार्यशाला कल

**रांची।** जिला बार एसोसिएशन एवं डालसा के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को ई-फाइलिंग को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। नये बार भवन के प्रथम तल्ले पर दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यशाला में ई-फाइलिंग के स्टेप को विस्तार से बताया जायेगा। यह जानकारी बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने दी है। वकीलों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यशाला में हिस्सा लें।

### दुष्कर्म के दोषी को तीन साल कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास मामले के अभियुक्त काली उरांव को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनवाई है। साथ ही, आरोपी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। घटना को लेकर पीड़िता ने मांडर थाने में सितंबर 2019 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान पीड़िता समेत तीन की गवाही दर्ज की गई थी।

### साक्ष्य के अभाव में डायन बिसाही के पांच आरोपी रिहा

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत ने डायन बिसाही एवं मारपीट के मामले के पांच आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा गांव निवासी जाकिर, वसीम , रायफन खातून, अस्मा खातून एवं मंजर मियां को बरी किया। मामले में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सकीना खातून गवाही देने नहीं पहुंची। उसने उक्त आरोप लगाते हुए 24 फरवरी 2020 को कोर्ट केस की थी।

## प्रदेश युवा कांग्रेस ने 53 किमी की यात्रा कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन, प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी के 53वां जन्मदिन पर बिरसा मुंडा की जन्म स्थली उलिहातु से 53 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा कर सोमवार को राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया।

**राहुल गांधी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाएंगे : राजेश ठाकुर**

राहुल गांधी को हर कांग्रेसियों का प्रेरणास्रोत बताते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि युवा कांग्रेस ने 53 किलोमीटर लंबी यात्रा पूरी की। यह संकल्प लिया है कि गांधीवादी तरीके से देश में सद्भाव की भावना को मजबूत करने के राहुल गांधी के संकल्प को पूरा करते हुए 2024 में उन्हें प्रधानमंत्री बनाएंगे। मौके पर वहीं युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज और कार्यकर्ताओं ने भी विचार रखे।



कार्यक्रम में सत्यम सिंह, रमन सिंह, अफताब आलम, फहाद खान, सदाब खान, अरुण सांगा, विकी कुमार, कुणाल कमल कश्यप, जमील अख्तर, अभिजीत कमल, रोमी इमाम, मुन्ना खान सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

**झामुमो ने पूर्व सीएम एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास पर किया प्रहार**

## रघुवर के कार्यकाल में हुए 27 हजार से अधिक एमओयू, हाथी उड़ाने और धरती फोड़ कामों का लेखा-जेखा दें : भट्टाचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पूर्व सीएम एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास पर जम कर हमला बोला है। सोमवार को प्रेस वार्ता में रघुवर दास को अब भी सत्ता की खुमारी उतरी नहीं है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि जिस सीएम को जनता ने नकार दिया, यहां तक कि विधायक लायक भी नहीं छोड़ा वे वर्तमान सरकार के हर काम को अपने कार्यकाल से जोड़ने का काम करते रहते हैं। अब कहते हैं कि फलां एमओयू हमारे कार्यकाल में हुआ। रघुवर जी को बताना चाहिए कि उनके कार्यकाल में 27 हजार से अधिक एमओयू हुए। हाथी उड़ाया गया। धरती फोड़ योजना लायी गयी। इसका क्या हुआ? इसका हिसाब पहले देना चाहिए। अगर वे काम किए होते तो आज उनकी यह दशा नहीं होती। वे आज विधानसभा में बैठने लायक भी नहीं हैं। जनता ने उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया है। अपने कार्यकाल में एक जेपीएससी की परीक्षा तक नहीं करा पाए और वर्तमान सरकार से नियुक्ति का हिसाब मांगते हैं।



### भाजपा के राज में सोना पीतल बन जा रहा

भट्टाचार्य ने कहा कि अगर रघुवर दास इतने बड़े भाजपा नेता हैं, तो उन्हें मणिपुर जाना चाहिए। जहां खुद केंद्रीय मंत्री कह रहे हैं कि मणिपुर दो हिस्से में बंट चुका है। मणिपुर से कुछ ही दूरी पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नौ साल के मौके पर रैली करते हैं। उसी दिन मणिपुर में 12 लोगों की हत्या हो जाती है। रघुवर दास को राष्ट्रीय नेता होने के नाते वहां जाना चाहिए और इस पर बोलना चाहिए। अजीब स्थिति हो गयी है कि देश में एक मंदिर का सोना अचानक पीतल बन जाता है। भाजपा जात और संप्रदाय के नाम पर देश को बांटते जा रही है। पता नहीं अब इनलोगों के राज में और क्या-क्या देखना बचा है।

## बर्खास्त हो सकता है यौन शोषण का आरोपी दारोगा शशांक कुमार!

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**रांची।** यौन शोषण के आरोपी निलंबित दारोगा शशांक कुमार बर्खास्त हो सकता है। रांची जिला बल में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर शशांक कुमार के विरूद्ध सीआइडी ने रांची के लालपुर थाना में पदस्थापित रहे दारोगा शशांक कुमार को रांची से हटाने और विभागीय कार्रवाई चलाने के लिए पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा है।

**युवती ने लगाया था ये आरोप :** 2018 बैच के दारोगा शशांक पर लालपुर की रहने वाली एक युवती ने आरोप लगाया है कि शादी का झांसा देकर शशांक ने कई बार यौन संबंध बनाए। इसके बाद युवती जब गर्भवती हुई तो थाना परिसर में ही शशांक ने शादी रचा ली। इसके बाद उसने दूसरी युवती से विवाह कर लिया। पूरा मामला सामने आया तब शशांक के खिलाफ लालपुर थाने में ही केस दर्ज कराया गया था। शशांक उसी थाने में पदस्थापित था, ऐसे में इस केस को सीआइडी ने टेकओवर किया था।

**सीआइडी ने पाया दोषी :** सीआइडी ने केस टेकओवर करने के बाद जांच शुरू की। शशांक कुमार को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने व दो विवाह करने का दोषी पाया गया है। सीआइडी ने जांच में आए तथ्यों के बाद ही पुलिस मुख्यालय से पत्राचार किया है। सीआइडी ने पुलिस मुख्यालय को लिखा है कि आरोपी दारोगा शशांक कुमार को निलंबित किया जाए। इसके बाद उसका तबादला रांची से कहीं और किया जाए।

**केस दर्ज कराने गई थी:** गौरतलब है कि जिस युवती ने सब इंस्पेक्टर पर यौन शोषण का आरोप लगाया है उसकी पहचान सब इंस्पेक्टर शशांक से लालपुर थाने में हुई थी। युवती ने अपने बयान में बताया है कि वह लालपुर इलाके में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी। साल 2022 में मोबाइल खोने के संबंध में सनहा दर्ज कराने वह थाना गई थी, जहां उसकी मुलाकात शशांक कुमार से हुई। इस दौरान ही शशांक ने युवती का मोबाइल नंबर लिया। इसके बाद दोनों में लगातार बात होने लगी। युवती का आरोप है कि कई बार दारोगा उसे अपने साथ ले गया। इसके बाद शादी की बात कह उसके साथ संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि 3 दिसंबर को शशांक ने दूसरी लड़की से विवाह कर लिया। युवती ने आरोप लगाया था कि लालपुर पुलिस ने जांच में गड़बड़ी कर दारोगा को बचाने की कोशिश की। दारोगा के द्वारा विभिन्न माध्यमों से केस उठाने की धमकी भी दी गई थी। युवती का आरोप था कि आरोपी दारोगा ने जब जमानत के दिए कोर्ट में आवेदन दिया। तब कोर्ट ने केस डायरी की मांग की थी। केस डायरी देखने के बाद उसे गड़बड़ी का पता चला।

## प्रोफेशनल कांग्रेस ने किया द इंपरेटिव झारखंड प्रोग्राम का आयोजन



**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को प्रेस क्लब रांची में द इम्परेटिव झारखंड प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर आलिम जावेरी के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रवीण शर्मा, शुभम मोदी, जेवियर कॉलेज से मैनेजमेंट की एचओडी निधि आर्या, एकता आर्या, प्रखर मिनोचा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इंपरेटिव झारखंड प्रोग्राम के तहत झारखंड को कैसे आगे बढ़ाया जाए, झारखंड को भिन्न भिन्न क्षेत्रों में किस तरीके से अच्छे स्तर तक पहुंचाया जाए उस पर चर्चा हुई। परिचर्चा में सभी की एक ही मांग थी कि झारखंड प्रगति की ओर अग्रसर हो। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि जो भी एजेंडा बने एजेंडे से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाए ताकि जल्द उसको इंप्लीमेंट किया जा सके। कार्यक्रम में आलिम जावेरी ने कहा कि हमारा इरादा झारखंड का विकास करना और यहां के लोगों को आगे बढ़ाना है।

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि उद्योगपतियों को सुरक्षा देने की जरूरत है ताकि वे राज्य में अपना बेहतर उद्योग स्थापित कर सकें।

# सदर अस्पताल के योग शिक्षक नियुक्ति में लेन-देन का आरोप

अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन लगाया नियुक्ति में 35 हजार रुपये मांगने का आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में योग शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पीड़ित योग शिक्षकों ने सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति रांची सदर अस्पताल की ओर से 31 मई को साक्षात्कार लिया गया था। इसमें योग्य योग शिक्षकों का चयन न कर, पैसा लेकर पद को बेचा गया। कुछ दिन पहले सिविल सर्जन के हस्ताक्षर से रांची जिला के विभिन्न स्थानों के लिए वैकेंसी निकाली गई थी। इसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी और इंटरव्यू के बेसिस पर उनका चयन किया जाना था। लेकिन इंटरव्यू के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई और योग शिक्षकों के चयन में भारी अनियमितता बरती गई है।

**साक्षात्कार के नाम पर पूरी की गई औपचारिकता**

इनका कहना है कि 5 सदस्यीय साक्षात्कार समिति में केवल एक योग विशेषज्ञ को रखा गया। अन्य सदस्य यह समझने में सक्षम ही नहीं थे कि प्रश्नों के उत्तर सही हैं या गलत। साक्षात्कार के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की गई है। सभी ने मांग की है कि चयन सूची को निरस्त कर झारखंड से बाहर के योग विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार करवा कर नई सूची जारी की जाये। ऐसा नहीं करने पर योग प्रशिक्षकों ने आंदोलन को उग्र करने की बात कही। प्रशिक्षक शीतल महतो ने कहा कि चयन में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता नहीं दी गयी। उनका आरोप है कि चयन में पैसे का लेनदेन हुआ है। खुद उनसे 35 हजार की मांग की गयी थी।

## प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हैदराबाद पहुंचे जिला परिषद के अध्यक्ष

**रांची।** पंचायती राज व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की जानकारी हेतु आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए झारखंड पंचायत के प्रतिनिधि हैदराबाद पहुंचे हुए हैं। हैदराबाद में यह प्रशिक्षण झारखंड राज्य पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित की गयी है। झारखंड सरकार ने राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने के उदेश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया है, ताकि वहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर जिला परिषद के संवैधानिक पदों पर आसीन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अपने अपने जिले में विकास योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतार सकें। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण हैदराबाद में 19 जून से 23 जून तक चलेगा। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण मूल रूप से पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करना है।

## बेटी के विवाह की दूसरी वर्षगांठ पर एक निर्धन कन्या का कराया विवाह

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दूसरों के सुखी कर उसमें अपना सुख देखने वाले विरले ही होते हैं, ऐसा सोच रखने वाले हमेशा अपने कार्यों से दूसरों को सुख पहुंचाने वाले मुरारी अग्रवाल ने अपनी पुत्री की दूसरी विवाह वर्षगांठ पर एक निर्धन जनजातिय धाघरा गुमला की कन्या किरण उरांव का विवाह मांडर निवासी पंचानद उरांव संग ग्राम सुकुरहुटु कांके, के साथ सोमवार को रांची गौशाला प्रांगण में पूरे विधि-विधान से विवाह संपन्न हुआ। मुरारी अग्रवाल ने अपनी पत्नी सरोज के साथ अग्नि के समक्ष विधिवत कन्या दान किया। यह विवाह समारोह बहुत मायनों में कुछ अलग ही हट कर था जो प्रातः 8 बजे से शुरू हो दोपहर 10.30 बजे समाप्त हुआ। नगर के बहुत से व्यक्तियों ने विवाह समारोह में उपस्थित होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया।

विश्व हिन्दू परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिंह मुंडा उनकी पत्नी कल्पना मुंडा, सीसीएल दरभंगा हाऊस स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर श्यामल सरदार उनकी पत्नी रेणुका मुंडा, बिजय मोदी, निलेश अग्रवाल उनकी पत्नी, विष्णु अग्रवाल, भगवती प्रसाद भुवालका, अशोक माणिक, विनोद पोद्दार, पुष्पा पोद्दार, नारायण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजय सर्राफ व अन्य लोगों ने आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज की महिला कीर्तन मंडली की ओर से 12 वर्षीय सैलेब्रल पल्सी नामक रोग से पीड़ित 100 प्रतिशत जनजातिय दिव्यांग बच्चे के लिये बच्चे के माता पिता को व्हील चेयर भगवती भुवालका के हाथों प्रदान की गई।

## रांची विवि के वीसी से मिले टेक्निकल छात्र संघ के अध्यक्ष



**रांची।** टेक्निकल छात्र संघ के अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलकता की। उनके विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के प्रभारी कुलपति का पद भर ग्रहण करने पर बधाई और रांची विश्वविद्यालय ऑनलाइन एडमिट कार्ड मार्कशीट ऑनलाइन हो जाने को लेकर धन्यवाद किया। लेकिन ऑनलाइन करने से जो प्रॉब्लम हो रहा है, उससे अवगत भी कराया। इस दौरान उन्होंने वीसी से 7 बिंदुओं की ध्यान आकृष्ट कराया। कुलपति ने तुरंत इन मुद्दों पर ध्यान देकर 48 घंटे के अंदर निदान करने का आश्वासन दिया। वहीं, पीएचडी एंट्रेंस के बारे में पूछने पर कुलपति और परीक्षा नियंत्रक ने कहा तैयारी कर ली गयी है।

## कामधेनू पेंट्स का चैनल पार्टनर्स मीट आयोजित

पांच वर्षों में एक हजार करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पेन्ट व इमल्शन निर्माता कामधेनू पेन्ट्स ने अपने चैनल पार्टनरों के लिए दो दिवसीय बॉलीवुड नाइट का आयोजन किया। कंपनी की अब तक की सबसे बड़ी चैनल पार्टनर्स मीट में देश के 800 से अधिक डीलर्स ने अपने परिवारों के साथ आयोजन में शिरकत किया। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर और बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनर्स को पुरस्कार भेंट किये। प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सोनू निगम और उनके संग राहुल वैद्य ने अपनी गायकी से समारोह में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मशहूर सेलिब्रिटी जैकलीन फर्नान्डिस और रकुलप्रीत सिंह ने भी इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। कामधेनू पेन्ट्स के प्रबंध निदेशक सौरभ अग्रवाल ने कहा कि कामधेनू ग्रुप अपने हर चैनल पार्टनर को कामधेनू परिवार के अभिन्न सदस्य की तरह मानता है। उन्होंने कामधेनू को घर.घर में पहचाने जाने वाले एक ब्रांड के तौर पर स्थापित करने में भूमिका निभाई है। उन्होंने विजेताओं व उनके परिवार के सदस्यों को बधाई दी

# 10 जुलाइ को खेलगांव में होगा देश का सबसे बड़ा सम्मान समारोह : आलोक दूबे

10वीं-12वीं में 80 फीसदी एवं इससे ज्यादा अंक लाने वाले 15 हजार छात्रों को सम्मानित करेगी पासवा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि 10 जुलाई को खेलगांव के हरवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में राज्यस्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करेगा। यह राज्य का और संभवतः देश का भी अबतक का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। इसमें राज्य के गणमान्य व्यक्तियों को 10वीं और 12वीं में 80% और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि वित्त मंत्री डा रामेश्वर उरांव एवं भारतवर्ष के प्राइवेट स्कूल्स ऐण्ड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की स्वीकृति दे दी है। झारखंड राज्य के छात्रों के लिए बड़े गौरव की बात होगी, जिन्होंने कड़ी मेहनत एवं निष्ठा के साथ परीक्षा में सफल हुए हैं। ऐसे छात्रों का मनोबल बढ़ाने एवं उन्हें सम्मानित करने के लिए पासवा राज्य के सभी गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित करेगी।

आलोक दूबे ने कहा कि इस बार एसोसिएशन झारखंड के 24 जिलों के 15000 छात्रों को सम्मानित करेगी जो योग्य हैं और 80% से अधिक मार्क्स लाये हैं। सभी विधार्थियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट के द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जबकि राज्य के 10 वीं एवं 12 वीं के सभी बोर्ड के तीन तीन टॉपर्स को नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा एवं सभी बच्चों को स्वरुचि भोजन भी कराया जाएगा। छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर पासवा ने बैठक आयोजित कर आज से विधिवत इसकी शुरूआत कर दी है। पासवा कार्यालय में आयोजित बैठक में तय किया गया है कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 21 जून से प्रारंभ होगी। इस बाबत कल 20 जून को व्हाट्स अप नम्बर एवं मेल आईडी जारी किया जाएगा। बैठक में लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, डॉ सुषमा केरकेप्ता, संजय प्रसाद, फलक फातिमा, अल्ताफ अंसारी, राशीद अंसारी मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## अजीम प्रेमजी विवि का तीन दिवसीय नेशनल सेमिनार कल से

21 जून को 11 राज्यों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में स्थानीय लोकतांत्रिक शासन विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 21 से 23जून तक होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य स्थानीय स्वशासन की शुरूआत करने वाले संवैधानिक संशोधन लागू किए जाने की तींसवी वर्षगांठ मनाना है। सम्मेलन में पंचायती राज, अनुसूचित क्षेत्रों मे पंचायत विस्तार अधिनियम, 1996 और वन अधिकार अधिनियम पर ध्यान केन्द्रित करते हुये स्थानीय लोकतांत्रिक शासन सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। यह सम्मेलन पंचायत प्रतिनिधियों, जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकताओं शिक्षाविदों, शोधकताओं, नीति-निमार्ताओं, प्रशासकों और मीडिया प्रतिनिधियों को एक-दूसरे के करीब लायेगा। सम्मेलन का शुभारम्भ सुनील कुमार सचिव, पंचायती राज मंत्रालयए केरल के पूर्व वित्त मंत्री प्रो थॉमस आइजेक, मुख्यमंत्री केप्रमुख सचिव वन्दना डाडेल और अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के सीईओ मनोज पी के सम्बोधन के साथ होगा। इसमें 11 राज्यों, उत्तराखंड राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों के साथ 24 तकनीकी सत्र होंगे।

## जूनियर एवं सबजूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता रांची में होगी आयोजित : बिनय सिन्हा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 16वां राज्यस्तरीय जूनियर एवं सबजूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता 30 जून से 2 जूलाई तक स्थानीय खेल गांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम एवं बॉक्सिंग हॉल में आयोजित किया जाएगा रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू एवं प्रवक्ता गुलाम जावेद ने सोमवार को बताया की झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन ने प्रतियोगिता करवाने की पूरी जिम्मेवारी रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन को दी है। इस प्रतियोगिता में लगभग 300 प्रतिभागियों का विभिन्न जिलों से हिस्सा लेने कि संभावना है। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता को देखते हुए रखा गया है । प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों का पुनः चयन शिविर लगाकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए भेजा जाएगा। विनय सिन्हा ने बताया दिनांक 2 जुलाई को खेल गांव स्थित वीआईपी गेस्ट हॉल में बॉक्सिंग के प्रदेश एक्सक्यूटिव मीटिंग का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित होंगे। प्रवक्ता गुलाम जावेद ने बताया इस प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री झारखंड सहित मंत्रियों की उपस्थिति होने की संभावना है। साथ ही झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सिंह एवं सचिव आनंद बिहारी दुबे भी उपस्थित होंगे। प्रतियोगिता की तैयारी जोरों पर चल रही है ।

## बच्चों को स्कूल में ठहराव को लेकर राज्यस्तरीय कार्यशाला



**रांची।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यालय से बाहर रहने वाले बच्चों को वापस उनके विद्यालय में लाने एवं उनके ठहराव के लिए राज्य स्तरीय अभियान स्कूल रीवा 2023 का जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला स्कूल सभागार में सोमवार को किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि डीडीसी दिनेश यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची थी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में वैसे सभी चिन्हित बच्चे, जो विद्यालय में नामांकन तो ले लेते हैं। परंतु वर्ग में उनकी उपस्थिति काफी कम रहती हैं, के अभिभावक से संपर्क कर उन बच्चों के विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करने पर जोर देने का निर्देश दिया।

## रिम्स के सर्जन ने नेत्र कैंसर का किया सफल ऑपरेशन

**रांची।** रिम्स के कैंसर सर्जरी विभाग ने नेत्र कैंसर का सफल ऑपरेशन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। चतरा निवासी रोगी कपिल भुइयां को पिछले डेढ़ वर्ष से दायीं आंख में ट्यूमर था, जिसका आकार बढ़ता जा रहा था। हालत ऐसी हो गई थी कि अनेक डॉक्टरों से परामर्श लेने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। इन सब के बीच आंख की रोशनी भी चली गई। निराश होकर रिम्स के कैंसर विशेषज्ञ डॉ अजीत कुमार कुशवाहा और डॉ रोहित कुमार झा की देखरेख में उसे रिम्स के कैंसर विभाग में भर्ती किया गया।

## खबर एक नजर में

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की प्रदेश इकाई भंग

**रांची।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की झारखंड इकाई सहित राज्य, जिला व अन्य स्तरों पर गठित इकाइयां भंग कर दी गई है। इस संबंध में सोमवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एमएस सिंह मानस ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह के निदेर्शानुसार और वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजु की सहमति से झारखंड प्रदेश इकाई भंग की जाती है। यह कदम झारखंड में संगठन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद उठाया गया है। आने वाले समय में शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा।

### राष्ट्रीय पठन-पाठन दिवस पर सेमिनार



**रांची।** आईक्यूएसी के तहत 1/3 कंपनी संत जेवियर्स कॉलेज ने सोमवार को राष्ट्रीय पठन दिवस मनाने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के तौर पर संगीता कुजारा उपस्थित थीं। कॉलेज के उप प्राचार्य रेव. फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने अपने संबोधन में पठन पाठन के महत्व पर जोर दिया और विद्यार्थियों को निरंतर पठन सामग्रियों को पढ़ने का सुझाव दिया। सेमिनार में मुख्य अतिथि ने शुभ दिवस पर अपने विचार और ज्ञान साझा किये और अपने शब्दों से छात्रों को प्रबुद्ध किया और उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद आईटी विभाग के प्राध्यापक रितेश कुमार को मंच पर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का समापन एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव के समापन संबोधन से हुआ। सभी के सामूहिक प्रयास ने इस आयोजन को सफल बनाया।

### जैक में छात्रों पर लाठीचार्ज की पासवा ने की निंदा

**रांची।** प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने परीक्षा परिणाम को ठीक कराने आते छात्र छात्राओं के साथ जैक कार्यालय में बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा अपनी जायज मांगों को लेकर आन्दोलन करना, प्रदर्शन करना, नारेबाजी करना बच्चों का अधिकार है। जैक अध्यक्ष को बच्चों से बात करनी चाहिए थी ना कि मार पीट। जैक अध्यक्ष द्वारा पुलिस बुलाकर लाठी चार्ज करवाना निहायत ही गलत कदम है। जैक अध्यक्ष बच्चों को बुलाकर बात करें और उनकी समस्याओं को दूर करें। बेवजह ऐसा कोई कार्य न करें, जहां आक्रोश बढ़ता हो और छोटी समस्या कोई गंभीर परेशानी का कारण नहीं बन जाये।

### जैक परिसर में छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज एवं दुर्व्यवहार की घटना निंदनीय : ओम वर्मा

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश सचिव ओम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जैक कार्यालय में छात्र छात्राओं के उपर लाठीचार्ज की घटना को अति निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य भर में 11 विद्यालयों की परीक्षा की रिजल्ट में भारी गड़बड़ी सामने आई है। इसे लेकर छात्र जो अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं है वो अपनी फरियाद लेकर जैक कार्यालय गए थे। परंतु जैक कार्यालय में उनकी समस्याओं का निदान करने की जगह सुरक्षाकर्मी के द्वारा उनपर लाठीचार्ज एवं दुर्व्यवहार कर जैक कार्यालय से बाहर निकल दिया गया। किसके आदेश से छात्र छात्राएं पर जम कर लाठी चार्ज किया गया है। इसकी निष्पक्ष जांच हो और दोषी पदाधिकारियों पर कारवाई हो ।

### साइबर अपराध में 717 अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में पिछले डेढ़ साल में साइबर अपराध के 1167 मामला दर्ज किया गया है। इनमें से झारखंड पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 717 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला (जनवरी 2022 से 31 मई 2023 तक) का डाटा है। इसके अलावा नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के 1930 नंबर पर 1758 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 136 मामले ओपन किए गए और 1540 मामले का निबटारा किया गया।

**आंकड़े ये कहते हैं :** केस दर्ज : 1167,गिरफ्तारी : 717, मोबाइल बरामद : 1336, सिम बरामद : 2032, एटीएम बरामद : 561, पासबुक बरामद : 77, बाइक बरामद : 75, कार बरामद : 12, पैसा बरामद : 27.26 लाख, मोबाइल नंबर ब्लॉक : 2931

## मेडिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** मेडिका अस्पताल द्वारा मेडिका मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से ज्यादा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया, इस कार्यक्रम में पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति और जिला परिषद के सदस्यों को मेडिका में उपलब्ध सुविधायों के बारे में जागरूक किया। मेडिका में मेडिकल डायरेक्टर डॉ बिजय मिश्र ने अपने संबोधन में अस्पताल में उपलब्ध सुविधायों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने बताया की मेडिका अस्पताल में सिर्फ समृद्ध लोगों का इलाज नहीं होता, बल्कि आम आदमी भी अपना इलाज करा सकता है। अक्सर लोगों को यह लगता है कि मेडिका अस्पताल में सिर्फ पैसे वालों का इलाज होता है। इस कार्यक्रम में सम्मिलित जान प्रतिनिधियों ने मेडिका के इस प्रयास को खूब सराहा एवम मेडिका के साथ पिछले अनुभव को साझा किया।

## मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ



**रांची।** न्यू पुंदाग अवस्थित सेल सिटी परिसर अंतर्गत शिव मंदिर प्रांगण में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समारोह आज से प्रारम्भ हुआ जिसका समापन दिनांक 23 जून, शुक्रवार को होगा। कलश यात्रा, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश से आरम्भ हुए आज के आयोजन में लगभग 500 महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए। मंगलवार को वेदी पूजन, जलाधिवास एवं अन्नाधिवास का कार्यक्रम है।

## आइएचएसएम एलुमनी मीट का आयोजन



**रांची।** आईएचएसएम एलुमनी मीट का आयोजन प्राइम एडुटेक, राँची के द्वारा आईएमए हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में झारखण्ड और बिहार के 100 से अधिक डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि बिहार और झारखण्ड सरकार द्वारा कई मेडिकल संस्थान खोले गए हैं परन्तु फिर भी यहाँ मेडिकल के अनगिनत ऐसे छात्र हैं, जिन्हें सीटें नहीं मिल पाती हैं। क्लरट, इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मेडिसीन के रिजनल डायरेक्टर सदानन्द मंडल ने सन 2011 से अबतक ऐसे हजारों छात्रों को विदेश के मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाकर डॉक्टर बना चुके है और आज ये डॉक्टर्स स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सेवायें प्रदान कर अपनी ख्याति भी अर्जित कर रहे हैं। आज प्राइम एडुटेक, अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान कर मेडिकल के छात्रों के सपनों को साकार किया है। इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मेडिसीन के डायरेक्टर डॉ० फनी भूषण ने इस एलुमिनी मीट में कहा कि सन 2003 से यह कॉलेज चल रहा है और पिछले बीस वर्षों के दरम्यान इंडिया के हजारों मेडिकल छात्र डॉक्टर बन चुके हैं।

## कांग्रेस मुख्यालय में मना राहुल गांधी का जन्मदिन



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का 53वं जन्म दिवस कांग्रेस भवन में मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई दी तथा उनकी लंबी उम्र की कामना की। मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है।

# जैक में उत्तरपुस्तिका री-चेकिंग की मांग को लेकर छात्रों ने किया हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**नामकुम।** सोमवार को बडी संख्या में विभिन्न कालेजों के इंटरमीडिएट की परीक्षा में असफल छात्र छात्राएं जैक कार्यालय पहुंचे। आक्रोशित छात्र छात्राएं जैक अध्यक्ष से मिलने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे, जिसके बाद मौके पर नामकुम थाना से पुलिस टीम बुलायी गयी पुलिस द्वारा छात्र छात्राओं के प्रतिनिधमंडल को जैक अध्यक्ष से मिलने जाने की इज्जाजत दी गयी हां पर छात्रों द्वारा जैक अध्यक्ष के चैंबर के मुख्य द्वार पर तोडफोड कर दरवाजे पर लगे कांच को तोड दिया गया साथ ही जैक भवन के मुख्य द्वार पर भी लगे दरवाजे के कांच को तोड दिया गया, हंगामा बढता पुलिस टीम ने हल्का बल प्रयोग करते हुए सभी को खदेडा पुलिस ने हंगामा कर रहे लगभग आधा दर्जन छात्रों को अपने कब्जे में ले लिया, मौके पर प्रोबेशनर एसपी रितिक श्रीवास्तव भी पहुचें, एसपी श्री, श्रीवास्तव ने बताया कि कब्जे में लिए छात्रों को थाने ले जाकर पुछताछ की गयी जिसमें उनलोगों नें बताया कि उन्हे कुछ लोागें के द्वारा बरगला कर ले जाया गया था, एसपी श्री, श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों को पुछताछ करके पीआर बांड पर छोड दिया गया। इधर आदोंलित छात्र छात्राओं का कहना था कि वे सभी उत्तरपुस्तिका की रीचेकिंग कराने की मांग को लेकर जैक अध्यक्ष से मिलने गए हुए थे। उन्हे मुख्य द्वार पर ही गार्ड द्वारा रोक दिया गया जिसके बाद सभी आक्रोशित हो गए और नारेबाजी करने लगे,तब वहां पुलिस टीम बुलायी गयी जिसके बाद छात्रों को शांतिपूर्वक अपनी बात रखने के लिए जैक अध्यक्ष के कार्यालय में भेज दिया गया। छात्र छात्राओं ने बताया कि उन्हे जैक अध्यक्ष से मिलने के लिए लगभग चार घंटे तक काक्ष के बाहर बैठाया गया उसके बाद सिर्फ दो छात्राओं को अध्यक्ष कक्ष में जाने की इज्जाजत दी गयी, कक्ष के अंदर अध्यक्ष से अपनी बात रखने के दौरान उन्हे अध्यक्ष ने बुरी तरह से डाटां और उनके आवेदन को फेंक दिया, इसके बाद अध्यक्ष उनकी बात को अनसुना करते हुए कक्ष से बाहर चले गए और अपनी गाडी में बैठ कर जाने लगे जिसके बाद आक्रोशित छात्र छात्राओं ने उनके कक्ष के बाहर दरवाजे को तोड दिया और उनकी कार को घेर कर नारेबाजी शुरू कर दी,जिसके बाद मौके पर उपिस्थत पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए नारेबाजी और बदसलूकी कर रहे छात्र छात्राओं को खदेड दिया,पुलिस टीम द्वारा लगभग आठ छात्रों और उनकी एक शिक्षिका को भी अपवने कब्जे में ले लिया गया है।

**उत्तर पुस्तिका की रिचेंकिंग कराने की मांग को लेकर जैक गए छात्र पहुचें थाना**

छात्र छात्राओं ने बताया कि वे सभी योगदा कालेज,डोरण्डा कालेज और जेएन कालेज तथा गोडडा प्लस टु स्कूल के बडी संख्या में छात्र छात्राएं उत्तर पुस्तिका की रिचेंकिंग कराने,आनर्सर की उपलब्ध कराने,ओएमआर शीट उपलब्ध कराने और एक दो नंबर से फेल छात्र छात्राओं को ग्रेस मार्क की मांग को लेकर पहुंचे हुए थें। उनलोगों ने कहा की इस कड़ी धूप में किसी तरह वे लोग जैक कार्यालय पहुंचे थें। लेकिन मुख्य द्वार पर खडे सुरक्षा गार्ड द्वारा उन्हे रोक दिया गया। जिसके बाद हंगामा बढ़ा।

# समान नागरिक संहिता

देश में समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठता रहा है। विधि आयोग की हालिया पहल ने इस मुद्दे को फिर चर्चा में ला दिया है। दरअसल, तब संविधान सभा के कई दिग्गज इसके पक्ष में थे, लेकिन भारतीय समाज की जटिलता और तत्कालीन संवेदनशील स्थिति के चलते इस पर निर्णायक फैसला नहीं हो सका था। बाद में स्वतंत्र भारत में कई बार संसद व विधानसभाओं में इस मुद्दे पर खूब चर्चा होती रही। अब इसी कड़ी में व्यापक आधार रखने वाले धार्मिक संगठनों की इस मुद्दे पर राय मांगी गई है। दरअसल, इस जटिल विषय पर समान संहिता बनाना ही अंतिम हल नहीं है, उसका क्रियान्यवन भी उतना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अगले साल होने वाले आम चुनाव व इस साल के अंत तक कई महत्वपूर्ण राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इस मामले के सरगर्म रहने के आसार हैं। दरअसल, सवाल विधि आयोग द्वारा इस जटिल मुद्दे पर सार्वजनिक विमर्श को लेकर सिर्फ तीस दिन के समय को लेकर भी है। वैसे विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल इस मुद्दे को ध्रुवीकरण के हथियार के रूप में प्रयोग कर सकता है। वहीं देश में यह बहस पुरानी है कि व्यक्तिगत कानून में व्याप्त विसंगतियों को दूर करके एक देश, एक कानून की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जाये। लेकिन धार्मिक रूढ़ियों व राजनीतिक कारणों से ये लक्ष्य पाने संभव न हुए। वैसे किसी भी सभ्य समाज व लोकतांत्रिक देश में सभी नागरिकों के लिये समान कानून के प्रावधान एक आदर्श स्थिति होती है। निस्संदेह, देश की एकता व सद्भाव का वातावरण भी हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी सभ्य समाज में कानून का निर्धारण धार्मिक आधार के बजाय तार्किक व समय की जरूरत के हिसाब से ही होना चाहिए।

# हे राम...

देश में इस वक्त आदिपुरुष फिल्म को लेकर विवाद चल रहा है। रामायण पर आधारित इस फिल्म में जिस तरह इस महाकाव्य के प्रमुख किरदारों, भगवान राम, उनके अनन्य भक्त हनुमान और लंका के राजा रावण का चित्रण किया गया है, उसका हिंदू संगठन विरोध कर रहें हैं। जब से फिल्म रिलीज हुई है, सोशल मीडिया पर इसके नाम से हैशटैग चल रहे हैं, लोग नाराजगी भरी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। क्यों सदियों से भारत की आस्था में रचे-बसे ये किरदार एक फिल्म में इतने अजनबी नजर आ रहे हैं। ये कौन सी भाषा है, जो वो हनुमान जी बोल रहे हैं, जिनके लिए हनुमान चालीसा में विद्यावान गुणी अति चतुर कहा गया है। क्या विद्यावान लोग, जलेगी तेरे बाप की, जैसे शब्द अपने मुखारविंद से निकालते हैं। रामायण में तो रावण को पुलस्त्य ऋषि का नाती महाविद्वान बताया गया है। उसका नाम तमो गुणी होने के कारण हुआ ऐसी व्याख्या है। रामजी की सौम्यता, प्रत्यंचा ताने क्रोधित मुखमुद्रा वाले राम में बदल गई। यह सब अचानक नहीं हुआ। बड़ी चालाकी से लोगों के मानस में धर्म की संकुचित धारणा थोपने की साजिश के तहत हुआ। धर्म के नाम पर रक्तपात और दूसरे धर्म के लोगों को प्रताड़ित करने को जायज बताने के नाम पर हुआ। अब फिल्मों को विवादित करने का बनाने का भी सिलसिला चला है। हे राम कलियुग में आपका चित्रण ऐसा भी हो सकता है। राम संस्कृति के प्रतीक है, त्याग के प्रतिमूर्ति है,एक शासक जो भक्ति के नियमों से शासन करता है और आज भी भारत रामत्व में रमता है। सिनेमाई प्रदर्शन पहले भी हुए आगे भी होंगे लेकिन यह समझ पर चोट करने वाला है। राम के भव्य मंदिर के दर्शन को आतुर समाज को इस प्रकार का चित्रण निराश अवश्य करता है।

# योग: जीवन जीने में सर्वोत्तम अनुशासन है

**कल** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। पूरी दुनिया भारत के योग को पूरे मन से स्वीकार करती है और इसके सहारे जीवन को सुखमय बनाने के नियम को मानती है। आप सब भी योग अपनाएं और स्वस्थ व सुखी जीवन जीयें।

योग भारत और नेपाल में एक आध्यात्मिक प्रकिया को कहते हैं जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है। यह शब्द, प्रक्रिया और धारणा बौद्ध धर्म,जैन धर्म और हिंदू धर्म में ध्यान प्रक्रिया से सम्बंधित है। योग शब्द भारत से बौद्ध धर्म के साथ चीन, जापान, तिब्बत, दक्षिण पूर्व एशिया और श्री लंका में भी फैल गया है और इस समय सारे सभ्य जगत में लोग इससे परिचित हैं। इतनी प्रसिद्धि के बाद पहली बार 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक बर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी है। भगवद्गीता प्रतिष्ठित ग्रंथ माना जाता है। उसमें योग शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है, कभी अकेले और कभी सविशेषण, जैसे बुद्धियोग, संन्यासयोग, कर्मयोग। वेदोत्तर काल में भक्तियोग और हठयोग नाम भी प्रचलित हो गए हैं पतंजलि योगदर्शन में क्रियायोग शब्द देखने में आता है। पाशुपत योग और माहेश्वर योग जैसे शब्दों के भी प्रसंग मिलते है। इन सब स्थलों में योग शब्द के जो अर्थ हैं वह एक दूसरे के विरोधी हैं परंतु इस प्रकार के विभिन्न प्रयोगों को देखने से यह तो स्पष्ट हो जाता है, कि योग की परिभाषा करना कठिन कार्य है। परिभाषा ऐसी होनी चाहिए जो अव्याप्ति और अतिव्याप्ति दोषों से मुक्त हो, योग शब्द के वाच्यार्थ का ऐसा लक्षण बतला सके जो प्रत्येक प्रसंग के लिये उपयुक्त हो और योग के सिवाय किसी अन्य वस्तु के लिये उपयुक्त न हो।

गीता में श्रीकृष्ण ने एक स्थल पर कहा है 'योगः कर्मसु कौशलम (योग से कर्मों में कुशलता आती हैं)। स्पष्ट है कि यह वाक्य योग की परिभाषा नहीं है। कुछ विद्वानों का यह मत है कि जीवात्मा और परमात्मा के मिल जाने को योग कहते हैं। इस बात को स्वीकार करने में यह बड़ी आपत्ति खड़ी होती है कि बौद्धमतावलंबी भी, जो परमात्मा की सत्ता को स्वीकार नहीं करते, योग शब्द का व्यवहार करते और योग का समर्थन करते हैं। यही बात सांख्यवादियों के लिए भी कही जा सकती है जो ईश्वर की सत्ता को असिद्ध मानते हैं। पंतजलि ने योगदर्शन में, जो परिभाषा दी है 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोध?', चित्त की वृत्तियों के निरोध का नाम योग है। इस वाक्य के दो अर्थ हो सकते हैं: चित्तवृत्तियों के निरोध की अवस्था का नाम योग है या इस अवस्था को लाने के उपाय को योग कहते हैं।





\- योगगुरु मुक्तरथ

> गीता में श्रीकृष्ण ने एक स्थल पर कहा है 'योगः कर्मसु कौशलम (योग से कर्मो में कुशलता आती हैं)। स्पष्ट है कि यह वाक्य योग की परिभाषा नहीं है। कुछ विद्वानों का यह मत है कि जीवात्मा और परमात्मा के मिल जाने को योग कहते हैं। इस बात को स्वीकार करने में यह बड़ी आपत्ति खड़ी होती है कि बौद्धमतावलंबी भी, जो परमात्मा की सत्ता को स्वीकार नहीं करते, योग शब्द का व्यवहार करते और योग का समर्थन करते हैं।

परंतु इस परिभाषा पर कई विद्वानों को आपत्ति है। उनका कहना है कि चित्तवृत्तियों के प्रवाह का ही नाम चित्त है। पूर्ण निरोध का अर्थ होगा चित्त के अस्तित्व का पूर्ण लोप, चित्ताश्रय समस्त स्मृतियों और संस्कारों का निःशेष हो जाना। यदि ऐसा हो जाए तो फिर समाधि से उठना संभव नहीं होगा। क्योंकि उस अवस्था के सहारे के लिये कोई भी संस्कार बचा नहीं होगा, प्रारब्ध दग्ध हो गया होगा। निरोध यदि संभव हो तो श्रीकृष्ण के इस वाक्य का क्या अर्थ होगा? योगस्थः कुरु कर्माणि, योग में स्थित होकर कर्म करो। विरुद्धावस्था में कर्म हो नहीं सकता और उस अवस्था में कोई संस्कार नहीं पड़ सकते, स्मृतियां नहीं बन सकतीं, जो समाधि से उठने के बाद कर्म करने में सहायक हों।

अनीश्वरवादी सांख्य विद्वान भी उसका अनुमोदन करता है। बौद्ध ही नहीं, मुस्लिम सूफी और ईसाई मिस्टिक भी किसी न किसी प्रकार अपने संप्रदाय की मान्यताओं और दार्शनिक सिद्धांतों के साथ उसका सामंजस्य स्थापित कर लेते हैं। पातंजल योग दर्शन के अनुसार - योगश्चित्तवृत्त निरोध? (1/2) अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। सांख्य दर्शन के अनुसार - पुरुषप्रकृत्योर्वियोगेपि योगइत्यमिधीयते। अर्थात पुरुष एवं प्रकृति के पार्थक्य को स्थापित कर पुरुष का स्व स्वरूप में अवस्थित होना ही योग है।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के दिन स्वामी मुक्तरथ और सत्यानन्द योग मिशन के योग कार्यक्रम--**

झारखण्ड उच्च न्यायालय,
नया भवन,धुर्वा,
सिविल कोर्ट राँची

केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थान काँके, दूरसंचार विभाग, मुख्य कार्यालय शहीद चौंक,राँची,

मेकॉन कम्पनी सत्यानन्द योग मिशन केन्द्र, बसंत बिहार,काँके रोड,

विद्या मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तुपुदाना,

डीएवी हेहल, रांची, डीएभी कपिलदेव, रांची डीएभी नीरजा सहाय,रांची, डीएवी खूँटी, हेल्थ फ्रिक्स जिम

## योग के प्रकार

योग की उच्चावस्था समाधि, मोक्ष, कैवल्य आदि तक पहुँचने के लिए अनेकों साधकों ने जो साधन अपनाये उन्हीं साधनों का वर्णन योग ग्रन्थों में समय समय पर मिलता रहा। उसी को योग के प्रकार से जाना जाने लगा। योग की प्रामाणिक पुस्तकों में शिवसंहिता तथा गोरक्षशतक में योग के चार प्रकारों का वर्णन मिलता है -

**मंत्रयोगों हष्चैव लययोगस्तृतीयक?। चतुर्थो राजयोग? (शिवसंहिता , 5/11) मंत्रो लयो हठो राजयोगन्तर्भूमिका क्रमात एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोभियते॥ (गोरक्षशतकम)**

उपर्युक्त दोनों श्लोकों से योग के प्रकार हुए : मंत्रयोग, हठयोग लययोग व राजयोग।

**मंत्रयोग** 'मंत्र' का समान्य अर्थ है- 'मननात त्रायते इति मंत्र'। मन को त्राय (पार कराने वाला) मंत्र ही है। मंत्र योग का सम्बन्ध मन से है, मन को इस प्रकार परिभाषित किया है- मनन इति मन?। जो मनन, चिन्तन करता है वही मन है। मन की चंचलता का निरोध मंत्र के द्वारा करना मंत्र योग है। मंत्र योग के बारे में योगतत्वोपनिषद में वर्णन इस प्रकार है- योग सेवन्ते साधकाधमा?।

(लेखक सत्यानन्द योग मिशन रांची के अध्यक्ष हैं)

खास बात

## योग और उपयोग

**जग्गी वासुदेव**

**दरअसल** योग नहीं उप-योग हैं। क्या हैं ये उप-योगः ये उप-योग आसानी से किए जा सकने वाले मूवमेंट्स हैं जिन्हें 7 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति कर सकता है। इन्हें कहीं भी, किसी भी समय किया जा सकता है। योग गुरु द्वारा इन सरल योगाभ्यासों को 7 भागों में बांटा गया है। हर एक योग करने के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय लगता है।

हर्निया की प्रॉब्लम या प्रेग्नेंसी के शुरुआती महीनों में अवॉइड करें।

**योग क्या है?**

योग का अर्थ है जोड़ना. जीवात्मा का परमात्मा से मिल जाना, पूरी तरह से एक हो जाना ही योग है। योगाचार्य महर्षि पतंजलि ने सम्पूर्ण योग के रहस्य को अपने योगदर्शन में सूत्रों के रूप में प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार, चित्त को एक जगह स्थापित करना योग है।

**अष्टांग योग क्या है?**

हमारे ऋषि मुनियों ने योग के द्वारा शरीर मन और प्राण की शुद्धि तथा परमात्मा की प्राप्ति के लिए आठ प्रकार के साधन बताएं हैं, जिसे अष्टांग योग कहते हैं..ये निम्न हैं- यम नियम आसन प्राणायाम । प्रात्याहार धारणा ध्यान समाधि आसान से तात्पर्य शरीर की वह स्थिति है जिसमें आप अपने शरीर और मन को शांत स्थिर और सुख से रख सकें। स्थिरसुखमासनमः सुखपूर्वक बिना कष्ट के एक ही स्थिति में अधिक से अधिक समय तक बैठने की क्षमता को आसन कहते हैं। योग शास्त्रों के परम्परानुसार चौरासी लाख आसन हैं और ये सभी जीव जंतुओं के नाम पर आधारित हैं। इन आसनों के बारे में कोई नहीं जानता इसलिए चौरासी आसनों को ही प्रमुख माना गया है। और वर्तमान में बत्तीस आसन ही प्रसिद्ध हैं।आसनों को अभ्यास शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वास्थ्य लाभ एवं उपचार के लिए किया जाता है।आसनों को दो समूहों में बांटा गया है:- गतिशील आसान स्थिर आसान गतिशील आसन- वे आसन जिनमे शरीर शक्ति के साथ गतिशील रहता है.स्थिर आसन- वे आसन है जिसमें मन की स्थिरता प्राप्त होती है और गतिशील आसान वे है जिनसे शरीर मजबूत और कठिन स्थितियों को झेलने लायक होता है।

**हमारे** सनातन धर्म के धार्मिक और सांस्कृतिक साहित्य का सबसे मुख्य केंद्र, गोरखपुर गीता प्रेस को वर्ष 2021 का 'गांधी शांति पुरस्कार' प्राप्त होने पर अनेक बधाई।

**– सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा**

आपके ट्वीट

सिमरिया विधानसभा के युवा और कर्मठ नेता श्री मनोज चंद्रा जी का अपने हजारों समर्थकों के साथ झामुमो परिवार में हार्दिक स्वागत और जोहार है। 20 वर्षों तक राज कर झारखण्ड को पिछड़ा बनाने में भाजपा-आजसू ने कोई कसर नहीं छोड़ी। **– हेमंत सोरेन, सीएम**





पशु-पक्षियों का ध्यान रखना भी हमारा धर्म है। प्राणि मात्र की सेवा हमारा संस्कार है।
मेरी अपील है कि आप सभी इस भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए छोटे बर्तनों में दाना-पानी अवश्य रखें।
**–योगी आदित्यनाथ**

# योगेश्वर कृष्ण

विचार-प्रवाह

**अमित मिश्रा**

**शुद्ध** सनातन धर्म में योग को आत्मा और शरीर से मिलाने वाली ज्ञान विद्या कहा गया है । योग के कई प्रकार बताए गए हैं। मन को आत्मा से मिलाने और शुद्धिकरण कर मोक्ष दिलाने के ज्ञान को योग की संज्ञा दी गई है ।

**भगवान शिव हैं योगीराज :**

महाभारत के अनुशासन पर्व में भगवान शिव के द्वारा एक विशेष प्रकार की योग विद्या का उपदेश माता पार्वती को दिया गया है जिसे पाशुपत योग कहा जाता है । पाशुपत योग के द्वारा भगवान देह को आत्मा से पृथक मानने की सलाह देते हैं जिससे आत्मा मुक्त हो जाती है

**देहेऽस्मिन्नहमित्येकः पृथक चिन्त्यः सदा बुधौः । एवं ज्ञात्वा चंरल्लोके मुच्यते भवबन्धनात ।।**

भावार्थ : भगवान योगीराज काम को जीतने के लिए योग का रहस्य बताते हैं। इसीलिए उन्हें योगीराज भी कहते हैं ।

**कुंडलनी जागरण है योग का उद्देश्य :**

शरीर को शुद्ध कर और उसके जरिए कुंडलनी जागरण के द्वारा ईश्वर के साक्षात्कार की प्रक्रिया को राजयोग की संज्ञा दी गई है । शरीर के अंगो के नियमन और उचित संचालन के द्वारा उसे स्वस्थ रखने की प्रक्रिया को भी योग के अंतर्गत ही माना गया है ।

**भगवान शिव और कृष्ण ने दिया योग का ज्ञान :**

आत्मा को मुक्त कराने की योग विद्या के प्रवर्तकों में भगवान योगीराजऔर भगवान श्री हरि कृष्ण सर्वोपरि माने गए हैं। जबकि शरीर की शुद्धि के द्वारा स्वस्थ जीवन जीने और ईश्वर के साक्षात्कार के लिए जिस मार्ग का प्रतिपादन किया गया है उसके प्रवर्तक पंतजलि को माना गया है ।

कार्टून वर्ल्ड




साभार: लोकमत कॉर्टून

लेटर टू एडिटर

### ठीक नहीं हुआ

**वैश्विक** महामारी कोरोना ने फिर से जनजीवन को प्रभावित किया है। लोग घरों में रहने के लिए मजबूर हैं। इस महामारी से सबसे ज्यादा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। सीबीएसई सहित देश के कई राज्यों ने दसवीं की परीक्षा रद्द कर दी है और बारहवीं की स्थगित कर दी है। बिना परीक्षा पास से बेहतर होता कि उनकी परीक्षा की कोई दूसरी विधि होती तोअच्छा होता।

**–सोहनलाल, रांची**

### मूल्यों का क्षरण

**कोरोना** महामारी के संकट में कुछ लोग बेईमानी, लालच और कालाबाजारी जैसी बुरी प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे रहे हैं। इस आपदा के दौरान रेमडेसिविर इंजेक्शनों की कालाबाजारी ने यह तो साबित कर दिया है कि आपदा को लाभ के अवसर में बदलने की कोशिश में इन लोगों का कितना नैतिक पतन हो चुका है। ये मानवीय मूल्यों को कलंकित कर रहे हैं।

**–खुशबू, रांची**

# योग, बोध, बुद्ध और योगेश्वर कृष्ण का योग

**एनके मुरलीधर**

**योगियों** की दुनिया विचित्र है। अद्भुत रहस्यों से भरी हुई। जिसे बिना समझे विचारे आँकना वैसा ही है जैसे काले गौगल्स पहन कर प्रकाश की न्यूनता पर टिप्पणी करना। और याद रहे, श्री कृष्ण योगेश्वर हैं–समस्त योग व योगियों के ईश्वर।

**श्री कृष्ण के परे क्या?**

जब श्री कृष्ण को योगेश्वर कहते हैं तो हमें उन्हें योग व योगियों का ईश्वर मानना ही होगा। उनसे बड़ा कोई नहीं, वे स्वयं कहते हैं मत्तः परतरं नास्ति कीन्चित अस्ति धनन्जय– मुझसे परे व बड़ा कोई नहीं, कोई नहीं, धनन्जय। तो अपने को विशिष्ट क्यों समझते हो? जब तक यह आत्म विशिष्टता रहेगी, तब तक आप आध्यात्म से कोसों दूर हो, भलेही सारा दिन राम-राम रटते हो। मैं और मेरा के वन में तुम्हारा राम भटक रहा है। ये मैं और मेरा जब भगवान के लिये हो जाता है तो आप अथाह समुद्र में कूप की भाँति हो जाते हो–यह समुद्र मैं हूँ या कहो मैं समुद्र में हूँ अब एक ही बात हो जाती है। यह ईश्वर मैं हूँ या मैं ईश्वर में हूँ में कहां अनंतर है। हाँ, एक को अद्वैत कहते हैं और दूसरे को भक्ति भाव और मेरे स्पष्टता के इस प्रयास को ज्ञान कहेंगे व इसके क्रीयान्वयन को योग। बात एक ही है, इसलिये भाषा के भेद जाल में ना फँसकर, सहजता से आत्मभाव में स्थिर रहो। जैसे गाड़ीवान के बैल को मारने पर रामकृष्ण परमहंस करहा कर गिर गये और उनकी पींठ पर डण्डे के निशान उभर आये। यह है आत्मभाव, जो शृष्टि के

चिंतन

कण-कण के साथ आपकी सहज एकात्मता को अभिव्यक्त करता है। यही है श्री कृष्ण के कथन– **सर्वभूतस्थत्मात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।**

**ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः।।** का सही अर्थ। मात्र कहने के लिये समदर्शन नहीं, उसे प्रत्यक्ष जीना है समदर्शन। यह तभी सम्भव है जब आप सकल ब्रह्माण्ड के साथ एकात्मा हौं, कहने के लिये नहीं, वास्तव में, प्रत्यक्ष रूप से। परन्तु अपने परिवार में ही तुम्हारा छोटा-मोटा समभाव है, उसके परे नहीं। कुछ एक का जीवों के साथ है पर समस्त जीवों के साथ नहीं। कोई कुत्ता देख बिदकता है, कोई साँप देख, कोई कौकरोच देख, और कोई छिपकली देख। वाह रे, तुम्हारा समभाव! अपने बच्चे और पत्नि से परे जा ही नहीं पाता है, और करुणावश चला भी जाए तो, वह दो पल से अधिक नहीं ठहरता, और भगवान को भजते हो, जिसका सबमें समभाव है। ये द्वन्द ही तुम्हें ईश्वर के सही स्वरूप से दूर रखे है। ईश्वर बस हमारे परिवार को आगे बढ़ाये, उसकी रक्षा करे और दूसरे का परिवार जाये भाड़ में । वाह रे आपका आध्यात्मिक ज्ञान।

**बोध व बुधत्त्व**

जितना तुम्हारा बोध है उतने बुद्ध तुम हो। अपने बुद्धत्व को जाने बिना आप बुद्ध को नहीं समझ सकते। अपने बुद्धत्व को नकार कर किसी बाहरी बुद्ध की खोज तुम्हें अपने तक लाती रहेगी जब तक कि तुम स्वयं अपने बुद्धत्व को नहीं समझ लेते। अपनी बुराइयों को जानकर उनसे मुक्त होने का भाव बोध है।उनसे मुक्त हो जाना बुद्धत्व है। इसे जो शत प्रतिशत करता है, वह महावीर है, और जो हृदय से करने का प्रयास कर रहा है, वह संघ गामी है। संघ गामी का आशय, बुद्ध के भौतिक संघ की ओर गमन करने वाला नहीं, वरन् प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष बुद्ध के सत्संग में जाने वाला है। सत्संग की सही व्यख्या श्री कृष्ण ने मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परंह्व सूत्र द्वारा की है। संघ सत्संग है। जो मुझमें चित्त व अपनी ऊर्जा को लगाते हुये परस्पर मेरी ही बात करते हैं वे मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च – मुझमें, मेरे साथ ही सन्तुष्ट रहते हुये रमण करते हैं। यह है बुद्ध शरणं गच्छामि का सही अर्थ।

# योग से जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है



**सुधांशु कुमार**

**शंखप्रक्षालन** की एक क्रिया है। सभी प्रकार के उदर रोग तथा कब्ज मंदागिनी, गैस, अम्ल पित्त, खट्टी-खट्टी डकारों का आना एवं बवासीर आदि निश्चित रूप से दूर होते हैं। आंत, गुर्दे, अग्नाशय तथा तिल्ली सम्बन्धी सभी रोगों में लाभप्रद है। सर्वांगासन

सर्वांगासन स्थितिः- दरी या कम्बल बिछाकर पीठ के बल लेट जाइए.

विधिः-दोनों पैरों को धीरे -धीरे उठाकर 90 अंश तक लाएं. बाहों और कोहनियों की सहायता से शरीर के निचले भाग को इतना ऊपर ले जाएँ की वह कन्धों पर सीधा खड़ा हो जाए। पीठ को हाथों का सहारा दें .. हाथों के सहारे से पीठ को दबाएं . कंठ से ठुड्ठी लगाकर यथाशक्ति करें फिर धीरे-धीरे पूर्व अवस्था में पहले पीठ को जमीन से टिकाएं फिर पैरों को भी धीरे-धीरे सीधा करें। लाभः- थायराइड को सक्रिय एवं स्वस्थ बनाता है। मोटापा, दुर्बलता, कद वृद्धि की कमी एवं थकान आदि विकार दूर होते हैं। शुक्र ग्रंथि एवं डिम्ब ग्रंथियों को सबल बनाता है। स्वस्तिकासन स्थितिः- स्वच्छ कम्बल या कपडे पर पैर फैलाकर बैठें। विधिः- बाएं पैर को घुटने से मोड़कर दाहिने जंघा और पिंडली (घुटने के नीचे का हिस्सा) और के बीच इस प्रकार स्थापित करें की बाएं पैर का तल छिप जाये उसके बाद दाहिने पैर के पंजे और तल को बाएं पैर के नीचे से जांघ और पिंडली के मध्य स्थापित करने से

योग ज्ञान

स्वस्तिकासन बन जाता है। ध्यान मुद्रा में बैठें तथा रीढ़ सीधी कर श्वास खींचकर यथाशक्ति रोकें।इसी प्रक्रिया को पैर बदलकर भी करें।

लाभः- पैरों का दर्द, पसीना आना दूर होता है। पैरों का गर्म या ठंडापन दूर होता है.. ध्यान हेतु बढ़िया आसन है।

**गोमुखासन गोमुखासनविधिः-**

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें। बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं नितम्ब के पास रखें। दायें पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर इस प्रकार रखें की दोनों घुटने एक दूसरे के ऊपर हो जाएँ।

दायें हाथ को ऊपर उठाकर पीठ की ओर मुडिए तथा बाएं हाथ को पीठ के पीछे नीचे से लाकर दायें हाथ को पकड़ें.. गर्दन और कमर सीधी रहे। एक ओऱ से लगभग एक मिनट तक करने के पश्चात दूसरी ओऱ से इसी प्रकार करें। जिस ओऱ का पैर ऊपर रखा जाए उसी ओऱ का (दाए/बाएं) हाथ ऊपर रखें.

लाभः- अंडकोष वृद्धि एवं आंत्र वृद्धि में विशेष लाभप्रद है। धातुरोग, बहुमूत्र एवं स्त्री रोगों में लाभकारी है। यकृत, गुर्दे एवं वक्ष स्थल को बल देता है। संधिवात, गाठिया को दूर करता है। गोरक्षासन विधिः- दोनों पैरों की एडी तथा पंजे आपस में मिलाकर सामने रखिये। अब सीवनी नाड़ी (गुदा एवं मूत्रेन्द्रिय के मध्य) को एडियों पर रखते हुए उस पर बैठ जाइए। दोनों घुटने भूमि पर टिके हुए हों।हाथों को ज्ञान मुद्रा की स्थिति में घुटनों पर रखें लाभः- मांसपेशियो में रक्त संचार ठीक रूप से होकर वे स्वस्थ होती है। मूलबंध को स्वाभाविक रूप से लगाने और ब्रम्हचर्य कायम रखने में यह आसन सहायक है। इन्द्रियों की चंचलता समाप्त कर मन में शांति प्रदान करता है. इसीलिए इसका नाम गोरक्षासन है।

**अर्द्धमत्स्येन्द्रासनविधिः-**

दोनों पैर सामने फैलाकर बैठें. बाएं पैर को मोड़कर एडी को नितम्ब के पास लगाएं। बाएं पैर को दायें पैर के घुटने के पास बाहर की ओऱ भूमि पर रखें। बाएं हाथ को दायें घुटने के समीप बाहर की ओऱ सीधा रखते हुए दायें पैर के पंजे को पकडें। दायें हाथ को पीठ के पीछे से घुमाकर पीछे की ओऱ देखें।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सोमवार की शाम वज्रपात से महिला की मौत

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र के बंदा पंचायत अंतर्गत मुरमुट्टा गांव निवासी एक महिला की मौत सोमवार की शाम को वज्रपात की घटना से हो गई। बताया गया कि उक्त गांव निवासी मालवा देवी उम्र 46 वर्ष पति छलदेव महतो अपने बैल, बकरियों को चराने के लिए खेत की ओर गई थी। इस बीच हल्की बारिश के साथ बज्रपात की घटना हुई। जिसकी चपेट में महिला आ गई। जिससे महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा गोला पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर थाने ले आई। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया।

## नवनिर्मित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को छत्तरमांडू स्थित नवनिर्मित, ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## आजसू पार्टी का स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया जायेगाः तिवारी

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में आजसू पार्टी की बैठक सोमवार को मुरपा स्थित बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो व संचालन जिला मीडिया प्रभारी जयकिशोर महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में

## सभी मापदंडो का रखा जाता है पूरा ख्याल : धनंजय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा रेलवे साईडिंग के कोल स्टॉक में लगी आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। आग को फैलने से शत प्रतिशत रोक दिया गया है। लगभग 80 प्रतिशत कोयले के आग पर काबू पा लिया गया है। बाकी में भी आग बुझाने का कार्य निरंतर जारी है। उक्त बातें सोमवार को भुरकुंडा साईडिंग परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में साईडिंग संचालक धनंजय यादव ने कही।

## सभ्यता व संस्कृति झलकती है मंडा में : संजीव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गरसुल्ला शिव मंदिर में रविवार-सोमवार की रात्रि आस्था का पर्व मंडल पूजा धूमधाम से मनाया गया। पाहन द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की गई। मंडा पूजा में मच्छर गोथा, फुलकुंदी, बनस झूला सहित धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान 101 भोक्ता व 120 सोक्ताइनों ने दहकते अंगारो पर चल अपनी अस्था का परिचय दिया।

## साहित्यकारों को मिला गिरिडीह में सम्मान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जोहार कलमकार मंच झारखंड गिरिडीह के वार्षिक समारोह में रामगढ़ के कवि, साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। रामगढ़ के सरोज झा झारखण्डी, राकेश श्रीवास्तव नाजुक, सुदीप अग्रवाल संकल्प, शैलजा कुमारी को मोंगिया सरिया के एमडी गुणवंत सिंह मोंगिया, प्रो. राममोहन पाठक, संस्था की अध्यक्षा ममता बनर्जी ने अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सबों को सम्मानित किया।

## श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**कुजू।** कुंदरियाबांध कुजू में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर रविवार की देर शाम ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठव में क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में यज्ञ को लेकर विचार विमर्श करते हुए अंतिम तैयारी को ध्यान में रखते हुए यज्ञाचार्य विकास पांडेय से विचार विमर्श किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि 24 जून 2023 से 28 जून 2023 तक कुजू कुंदरिया कुजू में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमे 24 जून को कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ हो जाएगी।

**मेधावी एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग परियोजना का विधायक और उपायुक्त ने किया शुभारंभ**

# कोई बच्चा किसी से कम नहीं, अपनी क्षमता के अनुसार दे अपना शत प्रतिशत : उपायुक्त

### आधुनिक तकनीक के साथ-साथ सभी तरह के मूलभूत सुविधाएं होंगी कोचिंग सेंटर में उपलब्ध

सरकारी विद्यालयों के चयनित 50 बच्चों को मेडिकल एवं 50 बच्चों को आईआईटी सहित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

24 घंटे सातों दिन बच्चे शिक्षकों के संपर्क में रहकर दूर कर सकेंगे अपनी दुविधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के मेधावी एवं जरूरतमंद बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण एवं पैसे के अभाव में इन सुविधाओं से वंचित रह जाने वाले बच्चों पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त माधवी मिश्रा की पहल पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा आधुनिक सुविधाओं के साथ एवं अनुभवी शिक्षकों के द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रशिक्षण की व्यवस्था डीएमएफटी के माध्यम से की गई है। सोमवार को रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा रामगढ़ प्रखंड परिसर के समीप कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया गया।


उद्घाटन करते

मौके पर उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से चयनित 50 मेडिकल एवं 50 इंजीनियरिंग के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि आप में जो भी प्रतिभा है उसका इस्तेमाल करते हुए आप ना केवल अपना बल्कि पूरे रामगढ़ जिले का नाम देश भर में रोशन करें। इस तरह की पहल आप सभी के लिए इसलिए खास है क्योंकि अब प्रतिभा होने के बावजूद पैसे के अभाव में आपको देश के सर्वोच्च शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता है। आप सभी मन लगाकर पढ़े एवं जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई इस सेवा का पूरा पूरा लाभ ले। वहीं, अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा को बिना झिझक के त्वरित रूप से प्रशिक्षण के दौरान ही दूर करें। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कोई बच्चा किसी से कम नहीं है अगर आप सभी अपनी क्षमता के अनुसार ईमानदारी से प्रयास कर अपना शत प्रतिशत देंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतिभावान बच्चों के लिए शुरू की गई मेडिकल व आईआईटी कोचिंग की सराहना करते हुए मन लगाकर बच्चों को पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। वही जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य ने भी बच्चों को कोचिंग सेंटर का पूरा लाभ लेने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं देने सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी। रामगढ़ विधायक एवं उपायुक्त द्वारा कोचिंग सेंटर का शुभारंभ करने के उपरांत मंगलवार से बच्चों के लिए सातों दिन कक्षाएं संचालित होंगी। वहीं, अवकाश के दिनों में बच्चों के लिए विशेष योजना के तहत दुविधाओं को दूर करने एवं पूरे हफ्ते जो भी चीजें उन्होंने सीखी हैं उनके आकलन हेतु परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। कोचिंग सेंटर के सभी क्लासेस ऑफलाइन होंगे। लेकिन बच्चों को शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए वीडियोस की रिकॉर्डिंग कॉपी क्लास पूरी होने के उपरांत उपलब्ध कराया जाएगा।

बच्चे 24 घंटे सातों दिन शिक्षकों के संपर्क में रहकर किसी भी समय अपनी किसी भी दुविधा को दूर कर सकेंगे। कोचिंग परियोजना का शुभारंभ होने के उपरांत चयनित बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया जहां उन्होंने उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा किए गए इस पहल की सराहना की वहीं उन्होंने कहा कि अब पैसे का अभाव होने के बाद भी हमें अपने जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में काफी आसानी होगी। कोचिंग सेंटर में उपस्थित सभी बच्चों ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि वे अपना शत-प्रतिशत देंगे और रामगढ़ जिला का नाम देश और दुनिया भर में रोशन करेंगे। मौके पर सभी ने उपायुक्त एवं जिला प्रशासन रामगढ़ का हृदय से धन्यवाद किया।

एक नजर में

## एक वर्ष से सेविका गायब सहायिका के बदौलत चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र

**कटकमसांडी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र रेबर पंचायत अंतर्गत कूरहागड्डा के आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के द्वारा भारी अनियमिता देखी जा रही है। लगभग एक वर्ष से सेविका आशा देवी अपने पूरे परिजनों के साथ हजारीबाग में रहती है और सहायिका के भरोसे आंगनबाड़ी संचालित हो रहा है। इस बाबत ग्रामीणों ने काफी विरोध किया भी है बावजूद पदाधिकारी मौन है बताते चले कि आंगनबाड़ी केंद्र से काफी योजनाएं संचालित होती हैं। जिसमें लाडली योजना प्रसूति समेत टीकाकरण इन सभी में सेविका की अहम भूमिका होती है। इस संबंध में पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड के संबंधित पदाधिकारी को ज्ञात होने के बावजूद सभी मौन हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को सूचना देने के बावजूद भी जांच कर अग्रेतर करवाई का आश्वासन दिया गया पर किसी तरह की कोई करवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब मिलीभगत का खेल है। आशा देवी से ज्यादा शिक्षित बेरोजगार महिलाएं गांव में हैं। उन्हें यह कार्य सौंपा जाए क्योंकि आशा देवी की मनमानी रवैया से पूरे पोषक क्षेत्र के लोग परेशान हैं। अगर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो हम सभी जिला उपायुक्त एवं मुख्यमंत्री तक लिखित शिकायत करेंगे। मौके पर पुरूष महिला एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## बाइक की भिड़ंत में चार घायल

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के सरस्वती उच्च विद्यालय दारू के पास सोमवार की दोपहर दो बाइक की आपस मे भिड़ंत हो गई जिसमें दोनो बाइक में सवार चार लोग घायल हो गए। हीरो स्प्लेंडर बाइक पर सवार होकर दो युवक व एक लड़की घायल हो गई जबकि टीवीएस बाइक में सवार औरगाबाद बिहार निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टीवीएस बाइक में सवार व्यक्ति हजारीबाग से दारू की तरफ जा रहा था जबकि स्प्लेंडर बाइक में सवार तीन लोग बड़वार से इचाक जा रहे थे इसी बीच ओवरटेक करने के प्रयास में दोनो बाइक की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों और दारू थाना पुलिस के द्वारा सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। पुलिस ने दोनो बाइक को जप्त कर थाने ले गई।

## यूएन हाई स्कूल झरपो में वर्ग दशम के छात्रों को दी गगी विदाई

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत +2 उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपों मे सोमवार को सभी सफल विद्यार्थियों को पारितोषिक पत्र व उपहार देकर प्रधानाध्यापक डी एन सिंह सीआरपी दयाल प्रसाद ने सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को बारी-बारी से सभी शिक्षकों ने उनके आगामी भविष्य, करियर से संबंधित बातों पर चर्चा कर उनको गाइडलाइन दिया। सभी बच्चों ने हर्ष के साथ बात को सुनो और भविष्य में बेहतर कर अपने गुरु, माता पिता, समाज, व देश के नाम रोशन करने का ठाना। इस मौके पर सभी शिक्षक, उत्तीर्ण बच्चे एवं अध्यनरत बच्चे भी शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डी एन सिंह ने कहा की पढ़ाई के साथ साथ मेहनत ही बच्चो की पूंजी है मेहनत करने से ही आगे बढ़ेंगे और कहा कि इस वर्ष से इंटरमीडिएट का क्लास शुरू होने जा रहा है इंटरमीडिएट की नामांकन हेतु जोर देते हुए कहा कि +2 उचित नारायण उच्च विद्यालय झरपों में ग्यारहवीं के विज्ञान कला और वाणिज्य नामांकन के लिए शहर नही जाना होगा सारी सुविधाएं अब इसी विद्यालय में उपलब्ध है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, नंदकिशोर प्रसाद, अशोक कुमार, छोटन कुमार अनिल कुमार उपस्थित थे।

## युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं राहुल गांधी : अब्दुल मनान

**बरही।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के 53वें जन्मदिन पर प्रखंड कार्यालय में कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया। मौके पर कांग्रेसियों ने सबसे पहले केक काटकर एक दूसरे को खिलाया। साथ ही मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। वहीं राहुल गांधी की लंबी उम्र की कामना करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने संबोधित करते हुवे उनके कार्यशैली को प्रेरणा के तौर पर अनुसरण करने वाला बताया। कहा कि देश के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है राहुल गांधी। उन्होंने बताया कि देश कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहा है।एक ओर गिरती अर्थव्यवस्था,एवं युवाओं के बीच बढ़ती बेरोजगारी का सामना किया जा रहा है।वहीं दूसरी ओर निजीकरण की ओर बढ़ता भारत मे धर्म की घुट्टी पिलाकर युवाओं को गुमराह करते हुवे एक दूसरे के प्रति द्वेष फैलाने का काम बीजेपी के द्वारा किया जा रहा है।ऐसी भीषण परिस्थिति में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से युवाओं में एक नया जोश भरने का काम किया है।देश के युवाओं ने इसके लिए उनके प्रति आभार जताया है। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, ब्रह्मदेव यादव, तोखन रविदास, मोहम्मद वारिस अंसारी, मोहम्मद तैयब अंसारी, राजकुमार यादव, अशोक कुमार सिंह, गुड्डू निषाद, पंकज पासवान, सुरेश कुमार शर्मा, छोटी ठाकुर, छोटे लाल यादव, लालधारी महतो, सहदेव यादव, मुकेश निषाद, अमित जयसवाल, सुशील यादव, मोहम्मद तौकीर रजा, मनोज रविदास, मिथिलेश कुमार उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## कैंसर पीड़ितों को मंत्री ने किया आर्थिक सहयोग


सहयोग राशि देते

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडू।** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य में किए जा रहे कार्य अब जमीन पर दिखने लगे हैं। इनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से गरीब, दलित, अल्पसंख्यक सहित बीमार लोगों की सुरक्षा को लेकर पूरे शिद्दत के साथ सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी के तहत रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने दो कैंसर पीड़ित लोगों को 50/50 हजार रूपए का चेक झारखंड सरकार से प्राप्त कर वितरण किया। फागू बेसरा ने बताया कि सरकार गरीबों के लिए खड़ी है और हर संभव मदद करेगी। ताकि लोग अपनी बीमारी मे इलाज करवा सकें। इन्हे किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## पंचायतवासियों को टैंकर से पेयजल उपलब्ध कराया गया

### ग्रामीणों ने मुखिया समशेर आलम का जताया आभार


टैंकर से पानी उपलब्ध कराते

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही के शहरी क्षेत्र में वर्षों से पेयजल की समस्याओं को झेल रहे ग्रामीणों को इस वर्ष भी भीषण गर्मी में गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।परिस्थिति को समझते हुए भीषण गर्मी में बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम ने मल्लाह टोली व तेलीटोला के ग्रामीणों को पानी टैंकर के माध्यम से पेयजल की उपलब्ध कराया। मुखिया शमशेर आलम ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिल रही थी कि मल्लाह टोली क्षेत्र में जलस्तर नीचे चला गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को चापानल से पानी उपलब्ध नहीं हो रही थी। मुखिया ने तुरन्त सक्रिय होते हुए उप मुखिया अजीत निषाद एवं अपने प्रतिनिधि टिंकू आलम की अगुवाई में पानी टैंकर के माध्यम से ग्रामीणों को जलापूर्ति करवाई। मुखिया ने कहा कि अपने पंचायत के ग्रामीणों को जब भी पानी की किल्लत होगी, मैं हमेशा सेवा देने के लिए तत्पर रहूंगा। मौके पर उप मुखिया अजीत निषाद, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, कौशिक कुमार, सुनील निषाद, सुनील साहनी, महेंद्र निषाद, बंगाली निषाद समेत कई ग्रामीण महिला उपस्थित थे।

**गोला में विधानसभा स्तरीय लाभुक सम्मेलन संपन्न**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है: जयंत सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** गोला स्थित स्वर्ण बनिक धर्मशाला में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त विधानसभा स्तरीय लाभुक सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित हुए।


संबोधित करते जयंत सिन्हा

उनके नेतृत्व में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह अभियान संयोजक राजू चतुर्वेदी, महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू, छोटन सिंह ने महापुरुषों की तसवीर पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रगान के बाद जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन जितेंद्र साहू ने एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष स्नेहलता चौधरी ने दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लाभुकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए जयंत सिन्हा ने कहा की जिस प्रकार करोना महामारी के समय पूरी दुनिया ठहर सी गई थी और सारे लोग भयभीत थे। उस समय हमारे देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न सिर्फ अपने देश के अस्सी करोड़ गरीब नागरिकों को बिना भेदभाव के मुफ्त अनाज मुहैया करवाकर उनकी भूख मिटाई बल्कि अन्य जरूरतों की पूर्ति हेतु जनधन खाता के माध्यम से सीधे उनके अकाउंट में पैसे भी भेजे।

जिसकी तारीफ दुनिया भर के सभी शक्तिशाली देश करते हैं। कहा की आजादी के बाद भी इतने सालों तक देश के ज्यादातर गावों में सड़कें, बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का न होना हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत खला क्योंकि वो खुद एक गरीब परिवार से आते थे। इसी कारण उन्होंने अपने कार्यकाल में गरीब परिवारों की जरूरतों का ख्याल रखते हुए शुरूआत प्रधानमंत्री आवास,शौचालय और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से किया।

जिसके कारण आज देश के किसी भी सुदूरवर्ती गावों में आप जाएं तो वहां पक्की सड़के मिलेंगी और अब हर गरीब परिवार का प्रधानमंत्री आवास के तहत मिला पक्का मकान भी है। इतना हीं नहीं महिलाओं को चूल्हे से निकलने वाले धुएं से बचाने को उनको उज्वला योजना के तहत फ्री गैस चूल्हा,सौभाग्य योजना के तहत फ्री बिजली मुहैया करवाने का काम कर रहें है। साथ हीं जिला खनिज मद से हर घर नल हर घर जल जैसी योजना को कार्यान्वित करते हुए सभी गांवों में सौ घरों हेतु एक जलमीनार बनवाकर पानी मुहैया करवाया जिसकी आज सभी सराहना करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा की एक तरफ इस त्रासदी के से गुजर रहा अमेरिका, जापान और चीन सहित दुनिया भर के सभी देशों की अर्थव्यवस्था चौपट हो रही थी। वहीं मजबूत इच्छाशक्ति वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को भारत की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन तक पहुंचाने का भरोसा दिया। आज स्टार्टअप इंडिया और युवाशक्ति की बदौलत हम उस आंकड़े के करीब पहुंच रहें हैं जो भाजपा की ईमानदार और विकासशील सरकार का परिचायक है। कार्यक्रम संपन्न होंने के पश्चात गंभीर बीमारी से ग्रसित गोला निवासी खाद आपूर्ति विभाग के सांसद प्रतिनिधि डोमन साव के आवास पर सांसद जयंत सिन्हा सहित नेता पहुंचे ओर उनका हालचाल लिया। सांसद ने रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू को उनके उचित इलाज की जिम्मेवारी सौंपी। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव,सांसद प्रतिनिधि, महामंत्री जितेंद्र साव, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा,पंचम चौधरी, सूरज वर्मा, मणिशंकर ठाकुर, धीरज साहू, सुधा देवी आदि मौजूद थे।

## आजसू विष्णुगढ़ प्रखंड की इकाई की बैठक संपन्न


राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** आजसू विष्णुगढ़ प्रखंड की इकाई की बैठक +2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ में किया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने किया।

संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपु अकेला ने किया। केंद्रीय कमिटी के निर्देश पर आगामी 22 जून को पार्टी स्थापन स्थापना दिवस को पूरे धूम धाम से मांडू विधानसभा कार्यालय, रांची रोड मे मनाने को लेकर की तैयारी बैठक की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सचिव महादेव देहाती एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता रंजित गुप्ता शामिल हुए जिसमे अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं को कार्यक्रम में शिरकत करवाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड उपाध्यक्ष गौतम वर्मा, बाबू खान, सुधीर कुमार, गोविंद महतो, भागीरथ कुमार महतो, रवि कुमार, सतीश कुमार, रंजीत कुमार, राजकुमार, अभिषेक कुमार, बिनोद बिहारी महतो और काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार ने व्यापारियों के हित में उठाये कई महत्वपूर्ण कदम : जयंत सिन्हा

केंद्र सरकार की योजनाओं का व्यापारियों को मिल रहा है लाभ : दीपक बंका

राज्य सरकार केवल अपना एक सूत्री एजेंडा पर चल रही है : जे.पी पटेल

राज्य सरकार का एजेंडा भ्रष्टाचार व भययुक्त शाषण :मनीष जायसवाल

### जिले भर के व्यापारियों के साथ भाजपा ने की बैठक



बैठक में शामिल भाजपा नेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को जिले भर के व्यापारियों के साथ जैन धर्म शाला में एकदिवसीय बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में किया। बैठक के मुख्यातिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका उपस्थित थे। वही सांसद जयंत सिन्हा,प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जे पी पटेल, सदर विधायक मनीष जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि आनंद देव मंचासीन अतिथि के रूप में शामिल थे।मौके पर दीपक बंका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किए गए कामों के बारे में चर्चा किया।श्री बंका ने कहा कि खासकर के व्यापारी वर्ग के लिए केंद्र सरकार क्या योजना चला रही है, कैसे मदद पहुंचाया गया इस विषय पर प्रकाश डाला। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि व्यापार में आज भारत पूरे विश्व भर में अपनी पहचान बनाई है। एक्सपोर्ट, इंपोर्ट बढ़ा है, व्यापारियों को केंद्र सरकार ने काफी सुविधा,प्राथमिकता भी दी है। भारत पूरे विश्व का सबसे बड़ा मार्केट बनकर उभर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी पटेल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विशेष रूप से व्यापार दो बातों पर निर्भर करता है कानून व्यवस्था और बिजली यह दोनों की स्थिति राज्य में बेहद खराब है। श्री पटेल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था व्यापारियों पर निर्भर करता है। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हर क्षेत्र में विकास हुआ है ऐसे में व्यापारी पीछे कैसे रह सकते थे। केंद्र ने व्यापारियों को विशेष महत्व दिया है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि आज व्यापारियों को जीएसटी का लाभ मिला है। इसका परिणाम यह है कि व्यापारियों के घर पर सेल टैक्स के पदाधिकारी नहीं पहुंच रहे हैं। अधिकतर व्यापार ऑनलाइन हो रहा है। टेक्नोलॉजी का उपयोग व्यापार में हो रहा है। आज के समय में देश पूरे विश्व में सबसे अधिक ऑनलाइन व्यापार के लिए जाना जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यापारीगण में व्यापारी गण में प्रताप जैन, शंभू नाथ अग्रवाल, सुमेर सेठी, दीना यादव, मनजीत सिंह, सुनील अग्रवाल, पिंटू साँधी, तनवीर सिंह, निर्मल जैन, नारायण साव, सुरेश अग्रवाल, प्रितपाल सिंह कालरा, राधेश्याम अग्रवाल सुनील मेहता, बटेश्वर मेहता, अर्जुन साव, जितेंद्र जैन सहित सैकड़ों के संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## पिता की डांट से नाराज किशोर ने खाया कीटनाशक

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के कुमारपाड़ा में रविवार को पिता की डांट से नाराज 15 साल के किशोर ने कीटनाशक खाकर जान देने का प्रयास किया। किशोर को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किशोर की बहन व दादी ने बताया कि किशोर को इस बार कक्षा नौ में नामांकन लेना है। उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता है। हर समय खेलता रहता है। शाम को पिता ने पढ़ाई नहीं करने पर जमकर डांटा। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद अंदर से चीख सुनाई पड़ी तो जाकर देखा तो वह तड़प रहा था। पूछने पर बताया कि कुछ खा लिया है। रात को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने बताया है कि अब खतरे की बात नहीं है। ठीक होने में समय लगेगा।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में भव्यता से योग दिवस मनाया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को लेकर देश भर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इस बावत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के भाग-1 में 21 जून को सुबह 6 बजे योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ) विमल प्रसाद सिंह, कुलसचिव डॉ. संजय सिन्हा समेत विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी एवं स्वयंसवेकों उपस्थित भाग लेंगे।

## एसकेएमयू ने बीएड नामांकन की फीस बढ़ायी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन की बैठक सोमवार को बीएड नामांकन फीस में संशोधन को लेकर हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में निर्णय लिया गया की सत्र 2023-25 से विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेजों से बीएड करने वाले छात्र-छात्राओं को सामान रूप से कुल 150,000 फीस भुगतान करना होगा। यह निर्णय शिक्षकों, विभागाध्यक्षों, विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, छात्र प्रतिनिधियों से हुए विमर्श के आलोक में लिया गया। इस बात को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया की राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के तुलना में एसकेएमयू में फीस कम हैं। ऐसे में अगर हमारे यहां के छात्र-छात्राएं राज्य के किसी अन्य विश्वविद्यालय में नामांकन लेते हैं, तो उसे यहां के तुलना में अधिक फीस भुगतान करना पड़ता हैं। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए बैठक में बीएड फीस अन्य विश्वविद्यालय के सामान होगा। बैठक में छात्र अधिष्ठाता डा संजय कुमार सिंह, कुलसचिव डा संजय कुमार सिन्हा, कुलाशासक डॉ काशीनाथ झा, वित्त पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार, शम्भू प्रसाद सिंह आदि उपस्थित थे।

## एसकेएमयू में भव्यता से आयोजित होगा हूल दिवस

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मु विश्वविद्यालय में हूल दिवस भव्य आयोजन को लेकर सोमवार को विश्वविद्यालय प्रशासन की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति डॉ. विमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक निर्णय किया गया की इस बार विश्वविद्यालय में हूल दिवस का आयोजन भव्य तरीके से होगा। जिसमें सबसे पहले 26 जून को भोगनाडीह जाने वाले पैदल यात्रियों का स्वगत किया जायेगा। 28 जून को विश्वविद्यालय के सभी स्नातकोतर विभागों, अंगीभूत एवं सम्बद्ध कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर विजेता प्रतिभागी में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं का नाम विश्वविद्यालय को भेजा जायेगा। उसके बाद विभिन्न स्नातकोतर विभाग और कॉलेजों से भेजे गए छात्र छात्राओं के बीच 29 जून को विश्विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। 30 जून को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

### डॉ लुईस मरांडी ने गिनायीं पीएम मोदी के 9 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां

# सीएम की कथनी और करनी में है अंतर : डॉ लुईस

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** केंद्र की भाजपाशासित पीएम मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल कार्यकाल को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आस्था और सुरक्षा समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में मोदी सरकार बेहतर कार्य की है। उक्त बातें सोमवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर पूर्व समाज कल्याण मंत्री डॉ लुईस मरांडी ने कही। उन्होंने पीएम मोदी के कार्यकाल में किए गए कार्यो को उपलब्धियां के रूप में गिनाते हुए कहा कि बीते 9 साल में राज्य में रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्वकाल में किए गए कार्य राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। डॉ लुईस मरांडी ने दुमका विधानसभा से विधायक और समाज कल्याण मंत्री के रूप में किए कार्यो को भी पीएम मोदी के उपलब्धियों में गिनायी। उन्होंने कहा कि राज्य में खास कर दुमका विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात समेत विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य हुए है। डॉ लुईस मरांडी ने शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो को गिनाते हुए कहा कि दुमका में लंबे समय से लोगों की मांग मेडिकल कॉलेज निर्माण, केंद्रीय विद्यालय, महिला पॉलेटिक्नीक, मॉडल कॉलेज, विजयपुर, जिला स्कूल का सौंदर्यीकरण, चाहरदीवारी और गेट का निर्माण कराया गया। पहली बार छात्राओं का प्लस टू में नामांकन प्रारंभ कराया गया। एएन कॉलेज के भवन, रसिकपुर लिचि बगान में छात्राओं का छात्रावास, कड़हबील में आवासीय विद्यालय, एसपी कॉलेज में छात्र-छात्राओं का कॉमन रूम का निर्माण कराया। डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि लंबे समय से एसपी कॉलेज में कॉमन रूम की आवश्यता थी लेकिन किसी जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। मसलिया प्रखंड में फर्मास्सिट कॉलेज, सांपचला में आईटीआई, दलाही में एकलव्य विद्यालय, आवासीय विद्यालय, जीतपुर, मसलिया एवं सदर प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण कराया। सुदूर ग्रामीण छात्र-छात्राओं को लिए मसलिया में परीक्षा केंद्र का निर्माण, सदर प्रखंड स्थित गांदो गांव में नर्सिंग कॉलेज और कल्याण अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। लेकिन वर्तमान सरकार के उदासीन रवैया के कारण और पैसे के अभाव के कारण कल्याण अस्पताल पूरा नहीं होने का आरोप डॉ लुईस मरांडी ने लगायी।

यातायात के क्षेत्र में हवाई अड्डा का विस्तारीकरण, राज्य का सबसे लंबा पुल कुमराबाद से मकरमपुर करीब तीन किलोमीटर का निर्माण, रिंग रोड़, दुधानी टावर चौक से टाटा शोरूम फोर लेन सड़क निर्माण, हथियापाथर से नकटी सड़क निर्माण, दुधानी से एसपी कॉलेज तक सड़क निर्माण, लखीकुंडी से गांधी मैदान तक सड़क निर्माण, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय मुख्यालय तक पहुंच पथ का निर्माण एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में पुल-पुलिया और सड़कों का जाल बिछाया गया।

खेल और मनोरंजन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र, इंडोर स्टेडियम का जिणोद्धार, जरनेटर लगाने का कार्य, बस स्टैंड में स्वीमिंग पुल, इंडोर स्टेडियम में जिम, खेल का मैदान, ए टीम ग्राउंड में डे-नाईट मैच के लिए लाईट और शेड का निर्माण, शिवपहाड़ मंदिर का सौंदर्यीकरण, सृष्टि कुरूवा और वाटर पार्क का निर्माण कराया गया।

कनवेंशन सेंटर, बस स्टैंड के बगल में ट्रायबल म्यूजियम, युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए गन्दरकपुर में कौशल विकास से जोड़ युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिलाने को लेकर कौशल विकास भवन, आर्ट कल्चर्र मल्टीपरपस हॉल, नेशनल स्कूल के समीप खाद्यी पार्क, मूकबधिर आवासीय विद्यालय का जिर्णोद्धार, बेसहारा महिलाओं को सहारा देने के लिए वन स्टेप सेंटर, वर्किंग हुमैंन सेंटर, कला संस्कृति भवन, वेयर हाउस, ग्रामीण इलाके में कोल्ड स्टोरेज, निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर मदनपुर में पावर ग्रिड समेत करीब पांच पावर ग्रिड का स्थापना किया गया। इसके से आश्रम रोड़ मसलिया में पावर ग्रिड के लिए जमीन चिन्हितकरण हुई। सोलर लाईट पेयजल आपूर्ति को लेकर बंद पड़े हिजला पेयजल आपूर्ति योजना का जिर्णोद्धार, पाईप लाईन कनेक्शन के माध्यम से हर घर में पानी का कनेक्शन, सोलर लाईट से संचालित सुदूर ग्रामीण इलाकों में पानी की टंकी एवं चापाकल की मरम्मति कार्य कराया गया। शहर में बर्षात के गंदे पानी के सड़कों को पर आ जाने से निजात दिलाने को लेकर ड्रेनेज सिस्टम और नाले का निर्माण कराया गया। जिससे वर्तमान में नाले की पानी की निकासी की समस्या से लोगों को राहत मिली।

वर्तमान हेमंत सरकार को आड़े हाथ लेते हुए डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि वर्तमान में गर्मी से राहत की समस्या को लेकर अगर बात करें तो किसी से छिपा नहीं है कि कितने देर बिजली आपूर्ति होता है। जबकि पूर्ववर्ती रघुवर सरकार में उपराजधानी दुमका में 22 से 23 घंटे बिजली आपूर्ति होती थी। डॉ लुईस मरांडी ने हेमंत सरकार पर वार करते हुए कहा कि ऐसा कोई वर्ग नहीं है, जिसकों हेमंत जी ने ठगा नहीं है। डॉ लुईस मरांडी ने हेमंत सरकार पर आदिवासी विरोधी सरकार होने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोल्हान में आदिवासी की नरसंहार की घटना से सभी वाकिब है। बेटियों के साथ हो रही घटना से साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्तमान हेमंत सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। जिससे अपराधियों को सजा मिल सके। स्वतंत्रता सेनानी सिदो कान्हू के वंशज रामेश्वर मुर्मू के हत्यारों को अब तक सजा नहीं मिलना से साफ पता चलता है कि हेमंत सोरेन के कथनी और करनी में दोनों में अंतर है। डॉ लुईस मरांडी ने हेमंत सरकार पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि नकटी में दलितों का जमीन हेमंत सोरेन और उनके आदमियां ने जबरन हड़पने का काम किया है। हाल में ही जामताड़ा में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। उन्होने रांची में हुए जमीन घोटाले का उदाहरण देते हुए कहा कि जब इन्होंने सेना को नहीं छोड़ा और आम और साधारण इंसान की क्या बात करें। हेमंत सोरेन पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए डॉ लुईस ने कहा कि हेमंत सरकार 12 हजार पोषण सखी को निकाल राज्य के आधी आबादी को अपमानित करने का काम किया है। महिलाओं को एक रुपए में जमीन रजिस्ट्री का अधिकार को समाप्त करने का काम किया है। हेमंत सरकार किसान विरोधी और युवा विरोधी सरकार है। उन्होंने हेमंत सरकार के चुनावी वादे को याद दिलाते हुए कहा कि पांच लाख युवाओं को नौकरी देने के वादे और बेरोजगारी भत्ता देने के वादे का क्या हुआ। राज्य में लॉन ऑडर की समस्या बनी हुई है। महिलाएं असुरक्षित है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को ऐसी कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए, जिससे ऐसी घटनाओं को अंजाम देने से पहले सोंचने तक की हिम्मत अपराधियों को नहीं हो। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन, प्रवक्ता पिंटू अग्रवाल, मनोज साह आदि मौजूद थे।

### सीडब्ल्यूसी ने किशोर व किशोरी को अलग-अलग बालगृह में भेजा

# ग्रामीणों ने नाबालिग प्रेमी जोड़े का करा दिया विवाह

खबर मन्त्र संवाददाता




**दुमका।** जिले के जरमुण्डी थाना क्षेत्र की नाबालिग किशोरी से सरैयाहाट के नाबालिग किशोर की ग्रामीणों द्वारा मंदिर में बाल विवाह कराने का एक मामला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष आया है। चाइल्डलाइल दुमका के द्वारा जरमुण्डी थाना क्षेत्र में दो नाबालिगों का बाल विवाह करवाये जाने की रिपोर्ट जरमुण्डी बीडीओ सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी को दी गयी थी जिसकी प्रतिलिपि सीडब्ल्यूसी को प्रेषित किया गया था। समिति के निर्देश पर जरमुण्डी थाना पुलिस ने सोमवार को 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी और 17 वर्षीय किशोर को सीडब्ल्यूसी के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया है। किशोरी लाल साड़ी में मांग से नाक तक सिंदूर लगाये और किशोर दुल्हे के वेश में समिति के समक्ष प्रस्तुत हुए। अपने आवेदन में जरमुण्डी पुलिस ने बताया है कि दोनों नाबालिग ने प्रेम विवाह कर लिया है। सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डा राज कुमार उपाध्याय एवं नूतन बाला ने इस मामले की सुनवायी करते हुए दोनों का बयान दर्ज किया। किशोरी ने अपने बयान में बताया कि उसने 8वीं तक पढ़ाई की है। चार भाई-बहनों में से वह सबसे बड़ी है। किशोर उसके फुआ के घर के बगल में रहता है जहां दोनों की दोस्ती हो गयी। दोनों आपस में मोबाईल पर बात किया करते थे। उसकी मां को इस संबंध के बारे में जानकारी नहीं थी। वह पिता के मोबाइल से फोन करती थी पर पिता ने उसे कभी नहीं टोका। छह माह पूर्व किशोर ने फोन पर ही उसे शादी का प्रस्ताव दिया था। उसकी मां ने भी सहमति दे दी। उसे नहीं पता था कि 18 वर्ष से पूर्व वह कानूनन शादी नहीं कर सकती है। किशोर उसके घर पर आया तो उसकी मां मौजूद नहीं थी। 16.06.23 को उसने शादी के लिए लाल रंग की साड़ी पहनी और उसके साथ निकल गयी। गांव वालों ने दोनों को देख लिया और हल्ला कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने उसकी सहमति से किशोर से एक मंदिर में उसकी शादी करवा दी। दोनों पति-पत्नी के रूप में रहने लगे। उसके पिता ने पुलिस में इसकी शिकायत कर दी जिसके बाद पुलिस दोनों को थाना ले गयी और फिर सीडब्ल्यूसी ले आयी। किशोर और किशोरी दोनों में से किसी के भी माता-पिता या अभिभावक सोमवार को समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। लिहाजा समिति ने किशोरी को धधकिया स्थित बालगृह (बालिका) और किशोर को श्री अमड़ा स्थित बालगृह (बालक) में आवासित कर दिया है। इस मामले में समिति को जरमुण्डी बीडीओ सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के रिपोर्ट का इंतजार है।

## चाबी के असमंजस में शिक्षक और विद्यार्थियों में नोकझोंक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर में कोचिंग सेंटर। चाबी के असमंजस में छात्राओं ने अपने ही संस्थान के एक शिक्षक पर गलत तरीके से बात करने का आरोप मढ़ दिया। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस भी आई और असलियत जानने के बाद आपस में बात करने की बात कहकर चली भी गई। रसिकपुर में विनय कुमार का स्टडी नामक एक कोचिंग संस्थान हैं। उन्होंने संस्थान का एक कमरा दूसरे शिक्षक उत्पल लाहा को दे दिया। सुबह छात्राएं संस्थान पहुंची तो उत्पल के कक्ष में ताला लटका मिला। छात्राओं ने विनय से चाबी मांगी। काफी प्रयास के बाद कक्ष का ताला नहीं खुला तो पता चला कि धोखे से दूसरे ताले की चाबी दे दी गई। बस इसी बात पर छात्राओं ने विनय पर सही की जगह गलत चाबी देने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने जाकर दोनों पक्ष से बात कर मामले को शांत कराया। विनय का कहना है कि चाबी को लेकर ही बहस हो गई। संस्थान के दूसरे शिक्षक के इशारे पर ही हंगामा मचाया गया है। गलत व्यवहार जैसी कोई बात नहीं थी। सच्चाई को जाने बिना ही छात्र छात्राएं भड़क गई।

# बिहार की खबरें

## कल्याणपुर में पत्रकार पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार निवासी पत्रकार नूरुल होदा पर सोमवार को जानलेवा हमला किया गया। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।जिसका वाद मोतिहारी सिविल कोर्ट में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार पत्रकार होदा अपने घर पर थे,इसी बीच करीब दस संख्या में पहुंचे लोगों ने उनपर हमला कर दिया। जिसमें एक की पहचान कल्याणपुर का अल्ताफ हुसैन के रूप में हुई है। जिनके साथ सभी दस लोग दो गाड़ियों पर आये थे। जिसमें एक बोलेरो गाड़ी संख्या बीआर 05 पी -5578 एवं व्हाइट कलर की होंडई की कार संख्या बीआर 05 ए डब्ल्यू -3805 थी। सभी लोग हथियार से लैस थे। मारपीट के दरम्यान हो हल्ला सुनकर एकत्रित लोगो ने हमलावरों में से तीन को पकड़ कर स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। साथ ही हमलावरों के गाड़ी को भी जब्त किया गया है। इसके साथ पकड़े गये लोगों के पास से एक पिस्टल भी बरामद किया गया है।

थानाध्यक्ष रोहित ने बताया कि हमलावरों में से अल्ताफ के साथ दो अन्य लोग की गिरफ्तारी कर पूछताछ की जा रही है।

## पश्चिम चंपारण में हुआ मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण स्थित रामनगर के फुलकौल गांव में अवैध हथियार बनाने वाले एक मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से एक देशी एकनाली बंदूक, एक एयरगन और बड़ी संख्या में 12 बोर हो 315 बोर के कारतूस के खोखा बरामद किए गए हैं। 12 बोर के जिंदा कारतूस भी मौके से बरामद हुए हैं। वही हथियार बनाने वाले उपकरण भी जब्त किये गये है।

गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस को यह सफलता हाथ लगी। एसडीपीओ नंद जी प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। बताया जाता है कि फुलकौल गांव में अवैध हथियार बनाने की जानकारी पुलिस को मिली थी। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर रामनगर के पुलिस अंचल निरीक्षक अर्जुन प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें रामनगर के अपर थानाध्यक्ष उमाशंकर माझी, जमादार मनोज प्रसाद और सुरेश चौहान समेत पुलिस बल शामिल रहे। इस पुलिस दल ने रविवार की देर रात जब फूलकौल गांव निवासी स्वर्गीय अब्दुल रहमान के घर पर छापा मारा तो पुलिस को देख कर उनके दोनों पुत्र वहां से भागने लगे। जिनको पुलिस ने धर दबोचा। इनकी पहचान मिन्हाज अली उर्फ छोटे खां 40 वर्ष तथा जफीर खा 28 वर्ष के रूप में हुई है। यह दोनों सगे भाई हैं।

पुलिस ने जब इनके घर व दालान की तलाशी ली तो हथियार व उनके बनाने वाले उपकरण मिले। इनसे जब बरामद हथियार एवं सामान के संबंध में पूछताछ की गई तो वह कोई जवाब पुलिस को नहीं दे सके। एसडीपीओ श्री प्रसाद ने बताया कि छापेमारी में पुलिस को इनके दालान से एक 12 बोर का देसी एक नाली बंदूक, एक एयर गन, 12 बोर का 226 खाली खोखा, 315 बोर का 125 खाली खोखा, 12 बोर के 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। एक छोटे से डिब्बे में एयर गन की गोली भी पुलिस को मौके से मिली है। वही हथियार बनाने वाले कई उपकरण भी इनके दालान से बरामद किए गए हैं। जिसमें उपकरण के साथ साथ अन्य सामग्री शामिल है। एसडीपीओ ने कहा कि उनके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर इनको जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

एक नजर में

## डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों-अभिभावकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में 11वीं कक्षा के नव नामांकित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई व जीवन में आगे बढ़ने के लिए जरूरी बातें, अभिभावकों को स्कूल के नियम-कायदे तथा बच्चों के सही मार्गदर्शन में सहायक बनने संबंधी बातें बताई गईं। प्राचार्य डॉ गंगवार ने कहा कि 11वीं से बच्चों के सपनों और उनके ऐच्छिक करियर को नई उड़ान मिलती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर कड़ी निगरानी रखनेए शिक्षकों से नियमित संपर्क में रहने और पीरियोडिक टेस्ट में उनके प्रदर्शन की मॉनिटरिंग करने की अपील की। तिथि वक्ता के रूप में उपस्थित झारखंड के प्रसिद्ध करियर काउंसलर विकास कुमार ने बोर्ड तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में संतुलन पर चर्चा करते हुए मेडिकल, इंजीनियरिंग की परीक्षाओं, उनसे संबंधित संस्थानों में सीट की उपलब्धता, नामांकन के लिए आवश्यक अहर्ताओं एवं रैंकिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। सोशल मीडिया के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए उन्होंने इसे विद्यार्थियों के लिए कलयुग का राक्षस बताया। कार्यक्रम में यूपीएससी में ऑल इंडिया रैंक 41 लाने वाले डीपीएस बोकारो के पूर्ववर्ती छात्र शुभम कुमार, बीएसएल में उप प्रबंधक आकाश गुप्ता सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

## आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लायें सहिया : डीडीसी

**बेरमो।** बेरमो ध्पेटरवार प्रखंड सभागार में सहियाओं के बीच आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ;डीडीसीद्ध श्रीमती कीर्तीश्री जीण्उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में सहियाओं को आयुष्माण कार्ड निर्माण में गति लाने को कहा। कहा कि जिला प्रशासन ने 16 जून से 30 जून तक सभी पंचायत सचिवालयोंध्भवनों में राशन कार्डधारियों को आयुष्मान कार्ड निर्माण का अभियान शुरू किया है। इस अभियान के सफल आयोजन में आप सभी की भूमिका अहम है। तकनीकी पहलुओं की जानकारी के लिए ही इस प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया हैएबेहीचक जो भी समस्याएं होएजो जानकारी लेनी हो उसे इस सत्र में प्रशिक्षक के साथ साझा करें। उसका निदान प्राप्त कर फिल्ड में लक्ष्य अनुरूप आयुष्मान कार्ड का निर्माण सुनिश्चित करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने को कहा। मौके पर बीडीओ पेटरवार शैलेंद्र कुमार चौरसिया ने भी सहियाओं को संबोधित कर अभियान को सफल बनाने में वीएलईएजविप्र दुकानदारों आदि का सहयोग करने को कहा। उल्लेखनीय हो किए जिले के सभी प्रखंडों में आज सहियाओं को प्रखंडों के मास्टर ट्रेनरों द्वारा आयुष्मान एप का प्रशिक्षण दिया गया। ताकि अभियान को गति मिले। ज्यादा से ज्यादा आहतापूर्ण करने वाले लोगों का आयुष्मान कार्ड बन सकें। पहले ही जिला द्वारा सभी प्रखंडों के पांच द्द पांच कंप्यूटर आपरेटरों को बतौर मास्टर ट्रेनर जिला द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है।

## मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर की बैठक

बेरमो। बेरमो ध्तेनुघाट कोर्ट रूरू बेरमो अनुमंडल कार्यालय के सभागार कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार के अध्यक्षता में अनुमंडल अंतर्गत सभी ए ई आर ओ एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के जन प्रति निधियों के साथ 2024 मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय बैठक की गई। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची रिवीजन से संबंधित गतिविधियों एवं अन्य कार्यों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारी एवं बीएलओ को प्रशिक्षित का कार्य किया जाना है तथा बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन का कार्य एवं सूची में त्रुटि निराकरण मतदान केंद्रों से संबंधित कार्य ब्लैक एंड वाइट फोटो एवं बिना फोटोए खराब गुणवत्ता वाली फोटो एअच्छी गुणवत्ता वाले फोटो से प्रतिस्थापन मतदाता सूची में व्याप्त कमियों की पहचान कर मतदाता सूची में पूर्ण रूप से सुधार एवं नए 18 से 19 वर्ष के बच्चों को नाम जोड़ने का कार्य किया जाना है। 2024 में होने वली लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है। 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। 1जनवरी 2024 को अहर्ता तिथि मानकर नाम जोड़ा जाना है। 5 जनवरी 2024 को प्रकाशन तिथि माना गया है।

## स्व. चंडी चरण बनर्जी ने समाज में जलाया शिक्षा का अलख : तापस बनर्जी

**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकाडेमी में सोमवार को आयोजित प्रख्यात गणित शिक्षक स्व. चण्डी चरण बनर्जी की 23वीं पुण्यतिथि व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधालय प्राचार्य श्री तापस बनर्जी ने स्वर्गीय चंडीचरण बनर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति मंजू बागरिया, मारवाड़ी महिला समिती के निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड ने डैफोडिल्स एकाडेमी की शिक्षा पद्वति की जमकर तारीफ की। उन्होंने ने कहा कि प्रख्यात शिक्षक स्व. चण्डी चरण बनर्जी ने समाज को शिक्षित करने में अपनी पूरी उम्र बिता दिए। उनकी इस बहुमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। देश को आगे के लिए हमें मिलजुल कर काम करना होगा। बच्चों की तरक्की के शिक्षकों को और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। तभी ये बच्चे अपने लक्ष्य को हासिल कर पाऐंगे। आज के विशिष्ट अतिथि श्री सुधीर कुमार सिन्हा, अधिवक्ता, धनवाद बार जो स्वर्गीय बनर्जी का छात्र भी है ,ने वताया कि चंडीचरण बनर्जी ने समाज में शिक्षा को बढ़ावा दिया।। उन्होंने अपना पूरा जीवन काल गरीब बच्चों को शिक्षित करने में गुजार दिए। उन महान हस्ती से हम सबों शिक्षा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के पूर्व स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्व. चंडी चरण बनर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष श्री रंजीत सिंह एवं उपाध्यक्ष श्री अनिल सिंह ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन वरीय हिंदी शिक्षक प्रमोद सिन्हा ने किया। मौके पर कौशल झा, दिलीप वरणवाल, अनिल सिंह, एके वर्मा, जेपी चौधरी, चंदन पासवान, निशा मित्रा झुमा , कविता, कर सर , प्रमोद सिन्हा, पीएम मुखर्जी, शशि गुप्ता, झूमा, कविता, डोली प्रसाद, सुमन सिंह, मधुरिमा आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## बीओआइ यूनियन की बैठक में सरकारी नीतियों की आलोचना

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर-4 स्थित भारत सेवाश्रम संघ के मिलन हॉल में बैंक आफ इंडिया एम्पलाइज यूनियन झारखंड के बोकारो अंचल के सदस्यों की एकदिवसीय बैठक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नन्द कुमार महाराज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बैंक ऑफ इंडिया के बोकारो अंचल एवं गिरिडीह जिला के सुदूरवर्ती सभी शाखाओं के कर्मचारियों की भागीदारी रही। मौके पर उपस्थित फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन के अखिल भारतीय व झारखंड प्रदेश के महासचिव दिनेश झा लल्लन ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जारी तथाकथित आर्थिक सुधार के नाम पर सरकारी बैंकों के अस्तित्व को ही खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। सारी व्यवस्था बैंकों को पूर्णतया पुनः शुरूआती दौर की स्थिति में ले जाने की हो रही हैए जिससे कि आमजनों का बैंकों में पहुंच फिर से बंद हो जाएगा और बैंक पूर्णतः निजी हाथों में सौंप दिया जाएगा। यूनियन के झारखंड प्रदेश उप महासचिव एसके अदक ने कहा कि आज बैंकों में लिपिक एवं अधीनस्थ संवर्ग में भारत सरकार द्वारा नई नियुक्तियों पर अघोषित रोक लगा रखी हैए जिसके कारण जहां एक ओर बचे हुए कर्मचारियों पर काम का अत्यधिक बोझ है। वहीं ग्राहक सेवा भी ठीक ढंग से नहीं संभव हो पा रही है। बैठक को संगठन सचिव एसएन दास, तारक बनर्जी, सत्यजीत गिरि, प्रदीप झा आदि ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन राकेश मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन एसपी सिंह ने किया।

# सभी का कल्याण करते जय जगन्नाथ



**विश्व** प्रसिद्ध रथयात्रा जगन्नाथ यात्रा का उत्साह चरम पर है। जब यह भव्य यात्रा आरंभ होगी तो इसकी रौनक और खूबसूरती देखने लायक होगी। आइए इन 15 बिंदुओं के माध्यम से हम भी इस यात्रा की जानकारी और आनंद लें।

1.पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर भारत के चार पवित्र धामों में से एक है। वर्तमान मंदिर 800 वर्ष से अधिक प्राचीन है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण, जगन्नाथ रूप में विराजित है। साथ ही यहां उनके बड़े भाई बलराम (बलभद्र या बलदेव) और उनकी बहन देवी सुभद्रा की पूजा की जाती है।

2.पुरी रथयात्रा के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और देवी सुभद्रा के लिए तीन अलग-अलग रथ निर्मित किए जाते हैं। रथयात्रा में सबसे आगे बलरामजी का रथ, उसके बाद बीच में देवी सुभद्रा का रथ और सबसे पीछे भगवान जगन्नाथ श्रीकृष्ण का रथ होता है। इसे उनके रंग और ऊंचाई से पहचाना जाता है।

3.बलरामजी के रथ को 'तालध्वज' कहते हैं, जिसका रंग लाल और हरा होता है। देवी सुभद्रा के रथ को 'दर्पदलन' या पद्म रथ कहा जाता है, जो काले या नीले और लाल रंग का होता है, जबकि भगवान जगन्नाथ के रथ को ' नंदीघोष' या 'गरुड़ध्वज' कहते हैं। इसका रंग लाल और पीला होता है।

4.भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ 45.6 फीट ऊंचा, बलरामजी का तालध्वज रथ 45 फीट ऊंचा और देवी सुभद्रा का दर्पदलन रथ 44.6 फीट ऊंचा होता है।

5.सभी रथ नीम की पवित्र और परिपक्व काष्ठ (लकड़ियों) से बनाए जाते हैं, जिसे दारु कहते हैं। इसके लिए नीम के स्वस्थ और शुभ पेड़ की पहचान की जाती है, जिसके लिए जगन्नाथ मंदिर एक खास समिति का गठन करती है।

6.इन रथों के निर्माण में किसी भी प्रकार के कील या कांटे या अन्य किसी धातु का प्रयोग नहीं होता है। रथों के लिए काष्ठ का चयन बसंत पंचमी के दिन से शुरू होता है और उनका निर्माण अक्षय तृतीया से प्रारम्भ होता है।

7. जब तीनों रथ तैयार हो जाते हैं, तब 'छर पहनरा' नामक अनुष्ठान संपन्न किया जाता है। इसके तहत पुरी के गजपति राजा पालकी में यहां आते हैं और इन तीनों रथों की विधिवत पूजा करते हैं और ह्यसोने की झाडूह्न से रथ मण्डप और रास्ते को साफ करते हैं।

8. आषाढ़ माह की शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्रा आरम्भ होती है। ढोल, नगाड़ों, तुरही और शंखध्वनि के बीच भक्तगण इन रथों को खींचते हैं। कहते हैं, जिन्हें रथ को खींचने का अवसर प्राप्त होता है, वह महाभाग्यवान माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, रथ खींचने वाले को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

9. जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा शुरू होकर पुरी नगर से गुजरते हुए ये रथ गुंडीचा मंदिर पहुंचते हैं। यहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा सात दिनों के लिए विश्राम करते हैं। गुंडीचा मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन को ह्यआड़प-दर्शनह्न कहा जाता है।

10. गुंडीचा मंदिर को 'गुंडीचा बाड़ी' भी कहते हैं। यह भगवान की मौसी का घर है। इस मंदिर के बारे में पौराणिक मान्यता है कि यहीं पर देवशिल्पी विश्वकर्मा ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी की प्रतिमाओं का निर्माण किया था।

11. कहते हैं कि रथयात्रा के तीसरे दिन यानी पंचमी तिथि को देवी लक्ष्मी, भगवान जगन्नाथ को ढूंढते हुए यहां आती हैं। तब द्वैतापति दरवाजा बंद कर देते हैं, जिससे देवी लक्ष्मी रुष्ट होकर रथ का पहिया तोड़ देती है और ह्यहेरा गोहिरी साही पुरीह्न नामक एक मुहल्ले में, जहां देवी लक्ष्मी का मंदिर है, वहां लौट जाती हैं।

जगन्नाथ पुरी मंदिर की 13 आश्चर्यजनक बातें, आप भी जानिए...

12. बाद में भगवान जगन्नाथ द्वारा रुष्ट देवी लक्ष्मी मनाने की परंपरा भी है। यह मान-मनौवल संवादों के माध्यम से आयोजित किया जाता है, जो एक अद्भुत भक्ति रस उत्पन्न करती है।

13. आषाढ़ माह के दसवें दिन सभी रथ पुनः मुख्य मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। रथों की वापसी की इस यात्रा की रस्म को बहुड़ा यात्रा कहते हैं।

14. जगन्नाथ मंदिर वापस पहुंचने के बाद भी सभी प्रतिमाएं रथ में ही रहती हैं। देवी-देवताओं के लिए मंदिर के द्वार अगले दिन एकादशी को खोले जाते हैं, तब विधिवत स्नान करवा कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देव विग्रहों को पुनः प्रतिष्ठित किया जाता है।

15 वास्तव में रथयात्रा एक सामुदायिक आनुष्ठानिक पर्व है। इस अवसर पर घरों में कोई भी पूजा नहीं होती है और न ही किसी प्रकार का उपवास रखा जाता है। एक अहम बात यह कि रथयात्रा के दौरान यहां किसी प्रकार का जातिभेद देखने को नहीं मिलता है। समुद्र किनारे बसे पुरी नगर में होने वाली जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव के समय आस्था और विश्वास का जो भव्य वैभव और विराट प्रदर्शन देखने को मिलता है।

# जग के नाथ अर्थात जगन्नाथ

**माना** जाता है कि भगवान विष्णु जब चारों धामों पर बसे अपने धामों की यात्रा पर जाते हैं तो हिमालय की ऊंची चोटियों पर बने अपने धाम बद्रीनाथ में स्नान करते हैं। पश्चिम में गुजरात के द्वारिका में वस्त्र पहनते हैं। पुरी में भोजन करते हैं और दक्षिण में रामेश्वरम में विश्राम करते हैं। द्वापर के बाद भगवान कृष्ण पुरी में निवास करने लगे और बन गए जग के नाथ अर्थात जगन्नाथ। पुरी का जगन्नाथ धाम चार धामों में से एक है। यहां भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजते हैं।

**जगन्नाथ रथयात्रा : श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र**

हिन्दुओं की प्राचीन और पवित्र 7 नगरियों में पुरी उड़ीसा राज्य के समुद्री तट पर बसा है। जगन्नाथ मंदिर विष्णु के 8वें अवतार श्रीकृष्ण को समर्पित है। भारत के पूर्व में बंगाल की खाड़ी के पूर्वी छोर पर बसी पवित्र नगरी पुरी उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर से थोड़ी दूरी पर है। आज का उड़ीसा प्राचीनकाल में उत्कल प्रदेश के नाम से जाना जाता था। यहां देश की समृद्ध बंदरगाहें थीं, जहां जावा, सुमात्रा, इंडोनेशिया, थाईलैंड और अन्य कई देशों का इन्हीं बंदरगाह के रास्ते व्यापार होता था।

माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा का एक सिर महादेव की हथेली से चिपक गया था और वह यहीं आकर गिरा था, तभी से यहां पर महादेव की ब्रह्म रूप में पूजा करते हैं। शंख के तीसरे वृत्त में मां विमला और नाभि स्थल में भगवान जगन्नाथ रथ सिंहासन पर विराजमान है।

**मंदिर का इतिहास :** इस मंदिर का सबसे पहला प्रमाण महाभारत के वनपर्व में मिलता है। कहा जाता है कि सबसे पहले सबर आदिवासी विश्ववसु ने नीलमाधव के रूप में इनकी पूजा की थी। आज भी पुरी के मंदिरों में कई सेवक हैं जिन्हें दैतापति के नाम से जाना जाता है।

**राजा इंद्रदयुम्न ने बनवाया था यहां मंदिर :** राजा इंद्रदयुम्न मालवा का राजा था जिनके पिता का नाम भारत और माता सुमति था। राजा इंद्रदयुम्न को सपने में हुए थे जगन्नाथ के दर्शन। कई ग्रंथों में राजा इंद्रदयुम्न और उनके यज्ञ के बारे में विस्तार से लिखा है। उन्होंने यहां कई विशाल यज्ञ किए और एक सरोवर बनवाया। एक रात भगवान विष्णु ने उनको सपने में दर्शन दिए और कहा नीलांचल पर्वत की एक गुफा में मेरी एक मूर्ति है उसे नीलमाधव कहते हैं। ?तुम एक मंदिर बनवाकर उसमें मेरी यह मूर्ति स्थापित कर दो। राजा ने अपने सेवकों को नीलांचल पर्वत की खोज में भेजा। उसमें से एक था ब्राह्मण विद्यापति। विद्यापति ने सुन रखा था कि सबर कबीले के लोग नीलमाधव की पूजा करते हैं और उन्होंने अपने देवता की इस मूर्ति को नीलांचल पर्वत की गुफा में छुपा रखा है। वह यह भी जानता था कि सबर कबीले का मुखिया विश्ववसु नीलमाधव का उपासक है और उसी ने मूर्ति को गुफा में छुपा रखा है। चतुर विद्यापति ने मुखिया की बेटी से विवाह कर लिया। आखिर में वह अपनी पत्नी के जरिए नीलमाधव की गुफा तक पहुंचने में सफल हो गया। उसने मूर्ति चुरा ली और राजा को लाकर दे दी। विश्ववसु अपने आराध्य देव की मूर्ति चोरी होने से बहुत दुखी हुआ। अपने भक्त के दुख से भगवान भी दुखी हो गए। भगवान गुफा में लौट गए, लेकिन साथ ही राज इंद्रदयुम्न से वादा किया कि वो एक दिन उनके पास जरूर लौटेंगे बशर्ते कि वो एक दिन उनके लिए विशाल मंदिर बनवा दे। राजा ने मंदिर बनवा दिया और भगवान विष्णु से मंदिर में विराजमान होने के लिए कहा। भगवान ने कहा कि तुम मेरी मूर्ति बनाने के लिए समुद्र में तैर रहा पेड़ का बड़ा टुकड़ा उठाकर लाओ, जो द्वारिका से समुद्र में तैरकर पुरी आ रहा है। राजा के सेवकों ने उस पेड़ के टुकड़े को तो ढूंढ लिया लेकिन सब लोग मिलकर भी उस पेड़ को नहीं उठा पाए। तब राजा को समझ आ गया कि नीलमाधव के अनन्य भक्त सबर कबीले के मुखिया विश्ववसु की ही सहायता लेना पड़ेगी। सब उस वक्त हैरान रह गए, जब विश्ववसु भारी-भरकम लकड़ी को उठाकर मंदिर तक ले आए।

अब बारी थी लकड़ी से भगवान की मूर्ति गढ़ने की। राजा के कारीगरों ने लाख कोशिश कर ली लेकिन कोई भी लकड़ी में एक छैनी तक भी नहीं लगा सका। तब तीनों लोक के कुशल कारीगर भगवान विश्वकर्मा एक बूढ़े व्यक्ति का रूप धरकर आए। उन्होंने राजा को कहा कि वे नीलमाधव की मूर्ति बना सकते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने अपनी शर्त भी रखी कि वे 21 दिन में मूर्ति बनाएंगे और अकेले में बनाएंगे। कोई उनको बनाते हुए नहीं देख सकता। उनकी शर्त मान ली गई। लोगों को आरी, छैनी, हथौड़ी की आवाजें आती रहीं। राजा इंद्रदयुम्न की रानी गुंडिचा अपने को रोक नहीं पाई। वह दरवाजे के पास गई तो उसे कोई आवाज सुनाई नहीं दी। वह घबरा गई। उसे लगा बूढ़ा कारीगर मर गया है। उसने राजा को इसकी सूचना दी। अंदर से कोई आवाज सुनाई नहीं दे रही थी तो राजा को भी ऐसा ही लगा। सभी शर्तों और चेतावनियों को दरकिनार करते हुए राजा ने कमरे का दरवाजा खोलने का आदेश दिया।

जैसे ही कमरा खोला गया तो बूढ़ा व्यक्ति गायब था और उसमें 3 अधूरी ?मूर्तियां मिली पड़ी मिलीं। भगवान नीलमाधव और उनके भाई के छोटे-छोटे हाथ बने थे, लेकिन उनकी टांगें नहीं, जबकि सुभद्रा के हाथ-पांव बनाए ही नहीं गए थे। राजा ने इसे भगवान की इच्छा मानकर इन्हीं अधूरी मूर्तियों को स्थापित कर दिया। तब से लेकर आज तक तीनों भाई बहन इसी रूप में विद्यमान हैं।

वर्तमान में जो मंदिर है वह 7वीं सदी में बनवाया था। हालांकि इस मंदिर का निर्माण ईसा पूर्व 2 में भी हुआ था। यहां स्थित मंदिर 3 बार टूट चुका है। 1174 ईस्वी में ओडिसा शासक अनंग भीमदेव ने इसका जीर्णोद्धार करवाया था। मुख्य मंदिर के आसपास लगभग 30 छोटे-बड़े मंदिर स्थापित हैं।

**हवा के विपरीत लहराता ध्वज :** श्री जगन्नाथ मंदिर के ऊपर स्थापित लाल ध्वज सदैव हवा के विपरीत दिशा में लहराता है। ऐसा किस कारण होता है यह तो वैज्ञानिक ही बता सकते हैं लेकिन यह निश्चित ही आश्चर्यजनक बात है।

यह भी आश्चर्य है कि प्रतिदिन सायंकाल मंदिर के ऊपर स्थापित ध्वज को मानव द्वारा उल्टा चढ़कर बदला जाता है। ध्वज भी इतना भव्य है कि जब यह लहराता है तो इसे सब देखते ही रह जाते हैं। ध्वज पर शिव का चंद्र बना हुआ है।

**गुंबद की छाया नहीं बनती :** यह दुनिया का सबसे भव्य और ऊंचा मंदिर है। यह मंदिर 4 लाख वर्गफुट में क्षेत्र में फैला है और इसकी ऊंचाई लगभग 214 फुट है। मंदिर के पास खड़े रहकर इसका गुंबद देख पाना असंभव है। मुख्य गुंबद की छाया दिन के किसी भी समय अदृश्य ही रहती है। पुरी के मंदिर का यह भव्य रूप 7वीं सदी में निर्मित किया गया।

**चमत्कारिक सुदर्शन चक्र :** पुरी में किसी भी स्थान से आप मंदिर के शीर्ष पर लगे सुदर्शन चक्र को देखेंगे तो वह आपको सदैव अपने सामने ही लगा दिखेगा। इसे नीलचक्र भी कहते हैं। यह अष्टधातु से निर्मित है और अति पावन और पवित्र माना जाता है।

**हवा की दिशा :** सामान्य दिनों के समय हवा समुद्र से जमीन की तरफ आती है और शाम के दौरान इसके विपरीत, लेकिन पुरी में इसका उल्टा होता है।

अधिकतर समुद्री तटों पर आमतौर पर हवा समुद्र से जमीन की ओर आती है, लेकिन यहां हवा जमीन से समुद्र की ओर जाती है।

**गुंबद के ऊपर नहीं उड़ते पक्षी :** मंदिर के ऊपर गुंबद के आसपास अब तक कोई पक्षी उड़ता हुआ नहीं देखा गया।

## बैकुंठ धाम नाम से स्कंध पुराण में इसकी चर्चा है



**पुराणों** में इसे धरती का वैकुंठ कहा गया है। यह भगवान विष्णु के चार धामों में से एक है। इसे श्रीक्षेत्र, श्रीपुरुषोत्तम क्षेत्र, शाक क्षेत्र, नीलांचल, नीलगिरि और श्री जगन्नाथ पुरी भी कहते हैं। यहां लक्ष्मीपति विष्णु ने तरह-तरह की लीलाएं की थीं। ब्रह्म और स्कंद पुराण के अनुसार यहां भगवान विष्णु पुरुषोत्तम नीलमाधव के रूप में अवतरित हुए और सबर जनजाति के परम पूज्य देवता बन गए। सबर जनजाति के देवता होने के कारण यहां भगवान जगन्नाथ का रूप कबीलाई देवताओं की तरह है। पहले कबीले के लोग अपने देवताओं की मूर्तियों को काष्ठ से बनाते थे। जगन्नाथ मंदिर में सबर जनजाति के पुजारियों के अलावा ब्राह्मण पुजारी भी हैं। ज्येष्ठ पूर्णिमा से आषाढ़ पूर्णिमा तक सबर जाति के दैतापति जगन्नाथजी की सारी रीतियां करते हैं।पुराण के अनुसार नीलगिरि में पुरुषोत्तम हरि की पूजा की जाती है। पुरुषोत्तम हरि को यहां भगवान राम का रूप माना गया है। सबसे प्राचीन मत्स्य पुराण में लिखा है कि पुरुषोत्तम क्षेत्र की देवी विमला है और यहां उनकी पूजा होती है। रामायण के उत्तराखंड के अनुसार भगवान राम ने रावण के भाई विभीषण को अपने इक्ष्वाकु वंश के कुल देवता भगवान जगन्नाथ की आराधना करने को कहा। आज भी पुरी के श्री मंदिर में विभीषण वंदापना की परंपरा कायम है। स्कंद पुराण में पुरी धाम का भौगोलिक वर्णन मिलता है। स्कंद पुराण के अनुसार पुरी एक दक्षिणवर्ती शंख की तरह है और यह 5 कोस यानी 16 किलोमीटर क्षेत्र में फैला है। माना जाता है कि इसका लगभग 2 कोस क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में डूब चुका है। इसका उदर है समुद्र की सुनहरी रेत जिसे महोदधी का पवित्र जल धोता रहता है। सिर वाला क्षेत्र पश्चिम दिशा में है जिसकी रक्षा महादेव करते हैं। शंख के दूसरे घेरे में शिव का दूसरा रूप ब्रह्म कपाल मोचन विराजमान है।

# एकांतवास समाप्त, भगवान जगन्नाथ भक्तों के बीच आयेंगे



**हर साल आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत होती है। वहीं 11वें दिन जगन्नाथ जी की वापसी के साथ इस यात्रा का समापन होता है। इस साल 20 जून से जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत हो रही है। रथ यात्रा के शुरू होने से पहले भी कुछ परम्परा निभाई जाती है, जिसकी शुरूआत ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि से ही हो जाती है। इस दिन जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम को स्नान कराया गया। स्नान के बाद पारंपरिक रूप से तीनों देवों को बीमार माना जाता है और उन्हें राज वैद्य की देखरेख में स्वस्थ होने के लिए एकांत में रखा जाता है। इस दौरान उन्हें काढ़ा आदि का भोग लगाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि राज वैद्य की तरफ से दिए गए आयुर्वेदिक दवा से वे 15 दिनों में ठीक हो जाते हैं। इसके बाद रथ यात्रा शुरू की जाती है। क्यों निभाई जाती है जगन्नाथ जी के बीमार होने की परंपरा?**

**ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि पर जगन्नाथ जी, बलभद्र जी और सुभद्रा जी को 108 घड़ों के जल से स्नान कराया जाता है। इस स्नान को सहस्त्रधारा स्नान के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि 108 घड़ों के ठंडे जल से स्नान के बाद जगन्नाथ जी, बलभद्र जी और सुभद्रा जी तीनों बीमार हो जाते हैं। इसलिए उन्हें एकांतवास में रखा जाता है। जब तक वे तीनों एकांतवास में रहते हैं तब मंदिर के कपाट नहीं खुलते हैं।**

### 15 दिनों तक भक्त ऐसे करते हैं

### भगवान के दर्शन

**स्नान और बीमार होने के बाद जब 15 दिनों के लिए भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलराम और छोटी बहन सुभद्रा एकांतवास में रहते हैं, तो इस दौरान भक्त इनका दर्शन नहीं कर पाते हैं। ऐसे में इस समय भक्तों के दर्शन के लिए उनकी छवि दिखाई जाती है। वहीं ठीक होने के बाद जब तीनों बाहर आते हैं तब भव्य यात्रा निकाली जाती है। इस रथ यात्रा में देश के कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं।**

### ज्येष्ठ भ्राता बलराम और बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं जगन्नाथ

**उड़ीसा के पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर भारत के चार पवित्र धामों में से एक है। यहां पवित्र जगन्नाथ मंदिर में श्री कृष्ण जगन्नाथ के नाम से विराजमान हैं। यहां उनके साथ उनके ज्येष्ठ भ्राता बलराम और बहन सुभद्रा भी हैं। इस मंदिर में देवों की प्रतिमाएं काष्ठ की बनी हुई हैं।**

### इस तरह होता है इलाज

**15 दिनों तक एकांतवास में उनका इलाज ठीक उसी तरह से किया जाता है, जैसे आम लोगों का किया जाता है। भगवान को आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां और काढ़े का भोग लगाया जाता है। पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद जगन्नाथ जी भक्तों को दर्शन देते हैं और इसके बाद भव्य रथयात्रा निकाली जाती है।**

# पुरी जगन्नाथ मंदिर की अनुकृति है रांची का भगवान जगन्नाथ मंदिर



**रांची** का जगन्नाथ मंदिर भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। मंदिर का निर्माण 17वीं शताब्दी में हुआ था। जगन्नाथपुर (बड़कागढ़) के राजा ठाकुर अनी नाथ शाहदेव ने 1691 में इस मंदिर का निर्माण किया था। यह मंदिर शहर से लगभग 10 किमी दूर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। मंदिर की वास्तुकला पुरी के उसी जगन्नाथ मंदिर से प्रेरित थी। फर्क सिर्फ इतना है कि यह मंदिर आकार में छोटा है। पहाड़ी की चोटी से, मंदिर शहर का एक आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है।

**जगन्नाथ मंदिर रांची का इतिहास**

पहला मंदिर गढ़ के आकार में बनाया गया था। मुगल सम्राट औरंगजेब ने 1691 में मंदिर का उल्लंघन किया और लूटा। उसके बाद, ठाकुर अनी नाथ शाहदेव ने 1691 में मंदिर को पूरा किया। तब से, मंदिर झारखंड में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन गया है।

इतिहास कहता है कि उस क्षेत्र के आदिवासियों के पास पूजा करने के लिए कोई स्थान नहीं था। मंदिर इस सोच के साथ बनाया गया था कि उन्हें पूजा के लिए जगह उपलब्ध कराने से वे खुद को अन्य धार्मिक विश्वासों में बदलने से रोक सकते हैं।

जगन्नाथ को हिंदू देवता श्री कृष्ण का रूप माना जाता है। विशाल आंखों और उचित हाथों की अनुपस्थिति के साथ मूर्ति की एक विशेष संरचना है। भगवान जगन्नाथ से संबंधित कोई महत्वपूर्ण कथा या घटना नहीं है। वह हमेशा अपने दो भाई-बहनों- बलभद्र और सुभद्रा के साथ मौजूद रहते हैं।

सुदर्शन चक्र की आकृति में मंदिर के शिखर पर कई रहस्य मौजूद हैं। लोग अभी भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि लगभग एक टन वजनी भारी धातु को बिना किसी उपकरण के और उस काल के एक मानव की ताकत से वहां कैसे रखा जा सकता है।

**जगन्नाथ मंदिर, रांची की वास्तुकला**

मंदिर वास्तुकला की कलिंग तकनीक से प्रेरित था।

मंदिर जटिल मूर्तियों के साथ सुरुचिपूर्ण है।

रंगों के असाधारण मिश्रण के साथ मंदिर बहुत जीवंत है। मंदिर का आंतरिक भाग गढ़ के रूप में है।

मंदिर में एक नट मंदिर और एक जगमोहन है। एक विशाल क्वेरेंसिया भी धर्मस्थल से जुड़ा हुआ है।

मंदिर परिसर जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र को समर्पित तीन मंदिरों में विभक्त होता है।

**जगन्नाथ मंदिर, रांची के बारे में रोचक तथ्य**

मंदिर के बारे में सबसे दिलचस्प तथ्य यह है कि जगन्नाथ की मूर्ति लकड़ी से बनी है, जो अन्य मंदिरों से बिल्कुल अलग है, जो पत्थर या मिट्टी से बनी हैं। जगन्नाथ के अलावा, अन्य सभी मूर्तियाँ भी लकड़ी की बनी हैं। वे सभी अन्य मूर्तियों के विपरीत दिखने में बहुत सादे हैं।

मंदिर में मनाया जाने वाला सबसे प्रसिद्ध त्योहार जुलाई में होने वाली रथ यात्रा है। इस अवसर पर, तीनों मूर्तियों को मंदिर से बाहर ले जाया जाता है और एक विशाल रथ में रखा जाता है, जिसे रथ के नाम से जाना जाता है। तीर्थयात्री रथ की रस्सी को धक्का और खींचते हैं, क्योंकि इसे जगन्नाथ का आशीर्वाद माना जाता है।

रथ यात्रा के बाद स्नान यात्रा होती है, जो मंदिर का एक और प्रसिद्ध त्योहार है। लोगों का मानना ??है कि स्नान यात्रा के बाद देवता बीमार पड़ जाते हैं और राज वैद्य 15 दिनों तक उनकी देखभाल करते हैं। लोग इस अवधि को घुरती मेला के रूप में मनाते हैं।

कृष्ण जन्माष्टमी यहां मनाया जाने वाला एक और त्योहार है। इस दिन, तीर्थयात्री पूरे दिन पूजा पूरी होने तक कुछ भी नहीं खाते हैं। कृष्ण जन्माष्टमी को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है क्योंकि कृष्ण भगवान जगन्नाथ की अभिव्यक्ति हैं।

यहां पूजा का तरीका अलग है। पुजारियों को पांडा कहा जाता है। तीर्थयात्री भगवान की पूजा करने से पहले स्नान करते हैं।

पूजा की शुरूआत जगन्नाथ को चढ़ाए गए भोजन और फूलों से होती है। दोपहर में, पुजारी भक्तों को दोपहर का भोजन देते हैं, जिसे भोग के रूप में जाना जाता है।

**दैनिक दर्शन समय**

मंदिर हर दिन खुला रहता है। अनुष्ठान सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहता है। मंदिर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच दर्शनार्थियों के लिए बंद रहता है। मंदिर झारखंड के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोगों के लिए एक बहुत लोकप्रिय तीर्थ है। रथ यात्रा के समय यहां भीड़ रहती है।

रांची राज्य के महत्वपूर्ण जिले और शहर के साथ-साथ झारखंड की राजधानी है, यह सड़क, रेल और हवाई नेटवर्क के माध्यम से भारत के सभी प्रमुख शहरों से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। भारत भर से हजारों आगंतुक साल भर यहां आते हैं।

# भारतीय फुटबॉल टीम ने ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित परिवारों को दान में दिये 20 लाख रुपये




एजेंसी

**भुवनेश्वर।** भारतीय फुटबॉल टीम ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब जीतने के लिए ओडिशा सरकार द्वारा मिले नकद पुरस्कार का एक हिस्सा राज्य में हाल में हुई बालासोर ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित परिवारों के ह्यराहत और पुनर्वास' के लिए देने का फैसला किया। भारत ने कप्तान सुनील छेत्री के 87वें अंतरराष्ट्रीय गोल के अलावा लालियानजुआला छांगटे के गोल की मदद से रविवार रात कलिंग स्टेडियम में फाइनल में लेबनान को 2-0 से हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने यहां इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब जीतने के लिए भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को एक करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की जिसमें से कोच इगोर स्टिमक के खिलाड़ियों ने मिलकर' 20 लाख रुपये दान देने का फैसला किया। भारतीय फुटबॉल टीम ने ट्वीट किया, हम ओडिशा सरकार के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने हमारी जीत के लिए टीम को नकद पुरस्कार की घोषणा की। ड्रेसिंग रूम ने तुरंत मिलकर एक फैसला किया कि हम इसमें से 20 लाख रुपए इस महीने के शुरू में हुई ट्रेन दुर्घटना से प्रभाावित परिवारों के राहत और पुनर्वास के काम के लिए दान देंगे। बालासोर ट्रेन दुर्घटना में करीब 300 लोगों की मौत हो गयी थी जबकि 1000 के करीब लोग घायल हो गये थे।

# दूसरी पारी में बिखरी इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया को मिला 281 रनों का टारगेट

एजेंसी



**बर्मिंघम।** इंग्लैंड ने सोमवार को यहां एशेज सीरीज के पहले टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी में मात्र 273 रन बनाते हुए ऑस्ट्रेलिया को 281 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड के लिए दूसरी पारी में जो रूट व हैरी ब्रूक ने 46-46 रन बनाए। बेन स्टोक्स ने 43, जोनी बेयरस्टो ने 20, जबकि मोईन अली ने 19 रन बनाए। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए पैस कमिंस व नाथन लयोन ने 4-4 विकेट लिए। जोश हेजलवुड व बोलैंड को 1-1 विकेट मिला।इससे पहले इंग्लैंड ने दिन की पहली ही गेंद से तेज बल्लेबाजी की रणनीति अपनाई जिससे आस्ट्रेलिया ने तीन विकेट चटकाकर लंच तक मेजबान टीम का स्कोर पांच विकेट पर 155 रन कर दिया। जो रूट ने खेल शुरू होते ही इंग्लैंड टीम के इरादे जाहिर कर दिये और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस पर रिवर्स शॉट लगाने का प्रयास किया जो विफल रहा। रूट और हैरी ब्रूक 46-46 रन बनाकर आउट हुए। कमिंस ने रविवार को बारिश की बाधा के कारण अधूरे रहे अपने ओवर से शुरूआत की। इंग्लैंड की टीम 10.3 ओवर में दो विकेट पर 28 रन के स्कोर से खेलने उतरी। रूट ने कमिंस के खिलाफ विकेटकीपर के सिर के ऊपर शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन यह प्रयास कारगर नहीं रहा। पर उन्होंने स्कॉट बोलैंड के अगले ओवर में यही शॉट लगाया जिससे एक छक्का लगा और इसके तुरंत बाद इसी स्ट्रोक से उन्होंने चार रन जुटाये। फिर ऑस्ट्रेलिया को बाउंड्री पर एक क्षेत्ररक्षक लगाना पड़ा। रूट ने 18वें ओवर में फिर कमिंस पर रिवर्स शॉट लगाने का प्रयत्न किया जो फिर असफल रहा। रूट और ओली पोप ने तीसरे विकेट के लिए 50 रन की भागीदारी निभायी, पर कमिंस की शानदार इनस्विंगर ने पोप का विकेट झटका जिन्होंने 14 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्पिनर नाथन लियोन ने रूट को चकमा दिया और एलेक्स कैरी ने उन्हें स्टंप आउट किया। मेहमान टीम के लिए यह महत्वपूर्ण विकेट था। मार्नस लाबुशेन ने लियोन की गेंद पर ब्रुक का कैच लपका। इंग्लैंड ने पहली पारी आठ विकेट पर 393 रन बनाकर घोषित की थी जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा की 141 रन की शतकीय पारी की बदौलत पहली पारी में 386 रन बनाये थे।

## भवानी देवी ने रचा इतिहास, एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनीं



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ओलंपियन सीए भवानी देवी ने सोमवार को चीन के वुक्सी में एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप की महिला सेबर स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला पदक सुनिश्चित किया। भवानी ने क्वार्टर फाइनल में गत विश्व चैंपियन जापान की मिसाकी एमुरा को 15-10 से हराकर इतिहास रचा। सेमीफाइनल में भवानी की भिड़ंत उज्बेकिस्तान की जेनाब डेयिबेकोवा से होगी। भवानी को राउंड ऑफ 64 में बाई मिली थी जिसके बाद अगले दौर में उन्होंने कजाखस्तान की डोस्पे करीना को हराया। भारतीय खिलाड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में भी उलटफेर करते हुए तीसरी वरीय ओजाकी सेरी को 15-11 से हराया। भारतीय तलवारबाजी संघ के महासचिव राजीव मेहता ने भवानी को उनकी एतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है। मेहता ने पीटीआई से कहा, ह्यह्ययह भारतीय तलवारबाजी के लिए बेहद गौरवपूर्ण दिन है। भवानी ने वह किया है जिसे इससे पहले कोई और हासिल नहीं कर पाया। वह प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज हैं। पूरे तलवारबाजी जगत की ओर से मैं उन्हें बधाई देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वह स्वर्ण पदक लेकर लौटेंगी। ओलंपिक में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनीं भवानी तोक्यो खेलों में राउंड ऑफ 32 से बाहर हो गईं थी।

## पिता की दुखद दुर्घटना के बाद कैसे मिला हॉकी करियर को आकार, बॉबी ने किया याद

**नयी दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान बॉबी सिंह धामी का मानना है कि उनके अब तक के करियर में नियति की बड़ी भूमिका थी क्योंकि अगर उनके जीवन में व्यक्तिगत त्रासदी नहीं होती तो उन्होंने कभी हॉकी स्टिक नहीं उठाई होती। बॉबी केवल 10 साल के थे जब उनके पिता श्याम सिंह धामीसड़क दुर्घटना का शिकार हुए और उनकी मां को उन्हें टनकपुर में उनके मामा के साथ रहने के लिए भेजने को मजबूर होना पड़ा क्योंकि परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो रहा था। टनकपुर में ही बॉबी ने अपने मामा प्रकाश के साथ प्रत्येक दिन मैदान पर जाने के दौरान खेल के प्रति रुचि विकसित की। प्रकाश राष्ट्रीय स्तर के पूर्व हॉकी खिलाड़ी रहे हैं और अब कोचिंग देते हैं। बॉबी ने याद करते हुए कहा, मेरे पिता की दुर्घटना के बाद जब मेरा परिवार संकट में था तो हमारे पास पैसे नहीं बचे थे। मेरे माता-पिता मेरी शिक्षा का खर्च भी नहीं उठा सकते थे और मेरी मां ने मुझे मेरे मामा के घर भेजने का फैसला किया। उन्होंने कहा, एक बच्चे के रूप में उस स्थिति से निपटना कठिन था लेकिन अब पीछे मुड़कर देखता हूं तो मुझे अहसास होता है कि अगर वह दुर्घटना नहीं हुई होती तो मैं शायद कभी हॉकी नहीं खेलता। बॉबी ने कहा, सब कुछ एक कारण से होता है। प्रतिभाशाली फॉरवर्ड बॉबी ने खेल में तेजी से प्रगति की और 16 साल की उम्र में उन्हें सोनीपत में साइ केंद्र के लिए चुना गया।

## यूथ राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सर्विसेज ने मारी बाजी, 11 में 9 मुक्केबाजों ने जीता गोल्ड

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** गत चैंपियन सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) ने एक बार फिर सिक्किम के गंगटोक में छठी यूथ पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में टीम खिताब जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया है। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबलों में सर्विसेज के 11 में से नौ मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक हासिल किए। सर्विसेज (85 अंक) ने नौ स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदकों के साथ चैंपियनशिप तालिका में पहला स्थान हासिल किया। सर्विसेज के ऋषि (48 किग्रा) और आर्यन (51 किग्रा) ने दिन की शुरूआत में क्रमशः बिहार के राहुल और मणिपुर के थोकचोम सिंह पर 5-0 की समान जीत के साथ स्वर्ण हासिल किए। आशीष (54 किग्रा) ने लंबे संघर्ष के बाद सिक्किम के जयंत डागर को 4-3 से हराकर सर्विसेज का तीसरा स्वर्ण जीता। इसके अलावा निखिल (57 किग्रा), एम हनथोई (60 किग्रा), अंकुश (67 किग्रा), प्रीत मलिक (71 किग्रा), योगेश (75 किग्रा) और अयरन (86 किग्रा) ने सर्विसेज के लिये स्वर्ण पदक जीते। अरमान (80 किग्रा) और हर्ष (92 किग्रा) ने सर्विसेज के लिये चांदी हासिल की, जबकि कृष कांबोज (63.5 किग्रा) और रिदम (92+ किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। हरियाणा और चंडीगढ़ ने 54 और 20 अंकों के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा ने जहां चार स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते, वहीं चंडीगढ़ ने दो रजत और एक कांस्य के साथ अपने अभियान का समापन किया। हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहे एशियाई जूनियर चैंपियन भरत जून (92 किग्रा) ने अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए पहले राउंड में प्रतियोगिता (आरएससी) को रोककर एसएससीबी के हर्ष के खिलाफ फाइनल जीत लिया। भरत ने अपने पिछले सभी मुकाबले भी आरएससी से जीते थे। यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा), इशान कटारिया (80 किग्रा) और लक्ष्य राठी (92+ किग्रा) हरियाणा के अन्य तीन स्वर्ण पदक विजेता थे। सर्विसेज के आशीष (54 किग्रा) को सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज घोषित किया गया, जबकि सिक्किम के जयंत डागर (54 किग्रा) को पूरे टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिये सबसे होनहार मुक्केबाज का पुरस्कार मिला।

## नीदरलैंड के फुटबॉलर प्रॉम्स को 18 माह की सजा

**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम की एक अदालत ने देश के राष्ट्रीय फुटबाल टीम के पूर्व सदस्य क्विंसी प्रॉम्स को एक पारिवारिक समारोह के दौरान अपने चचेरे भाई के पैर में चाकू मारने के आरोप में सोमवार को 18 महीने कैद की सजा सुनाई। डच प्रसारक एनओएस के अनुसार, प्रॉम्स फिलहाल स्पार्टक मॉस्को की ओर से खेलते हैं और रूस में रहते हैं और उन्हें इस हमले का दोषी करार दिया गया। 31 वर्षीय फुटबॉलर इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। नीदरलैंड और रूस के बीच अबतक कोई प्रत्यर्पण समझौता नहीं हुआ है।

## सैफ कप : पाकिस्तान को भारत का वीजा मिला

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक के बेंगलुरु में 21 जून से होने वाली दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप के लिये पाकिस्तान पुरुष फुटबॉल टीम को भारत का वीजा मिल चुका है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने यूनीवार्ता को सोमवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि जियो न्यूज की ओर से आज प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रभाकरण ने पाकिस्तानी टीम को सोमवार तक वीजा मिलने की बात कही थी। पाकिस्तान टीम के अधिकारियों ने आज शाम मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुइस में भारतीय दूतावास जाकर पूरी टीम के पासपोर्ट प्राप्त किये।

## महिला चयनकर्ता समिति में शामिल हुईं श्यामा डे शॉ

**मुंबई।** बंगाल की पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता श्यामा डे शॉ को अखिल भारतीय सीनियर महिला चयनकर्ता समिति में बतौर सदस्य शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

# भारत की इकोनॉमी को सुपरचार्ज कर रही 2000 की नोटबदली

एजेंसी




**नयी दिल्ली ।** बैंकों में गुलाबी नोटों के ढेर लग रहे हैं। लोग काफी मात्रा में 2000 के नोट बैंकों में जमा करा चुके हैं। लेकिन 2000 का नोट वापस लेने के आरबीआई के फैसले से क्या फायदा होगा। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में 2000 की नोटबदली का एक बड़ा फायदा बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2000 की नोटबदली से भारत के विभिन्न मैक्रो इकोनॉमिक पैरामीटर्स को बूस्ट मिल सकता है। एसबीआई रिसर्च ने रिपोर्ट में बताया है कि कैसे 2000 रुपये की नोटवापसी से बैंक डिपॉजिट बढ़ेगा, लोन का रिपेमेंट बढ़ेगा और खपत बढ़ेगी।

**बाजार में तेजी से बढ़ेगी डिमांड**

ग्रुप के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर सौम्य कांति घोष द्वारा लिखित इकोरैप रिपोर्ट में तर्क दिया गया है कि 2000 रुपये की नोटबदली के दूसरे प्रमुख फायदों में से एक डिमांड में तत्काल वृद्धि भी है। अनुमान के अनुसार, खपत मांग में 55,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया, 'नोटबंदी के विपरीत 2000 का नोट अभी भी लीगल टेंडर बना हुआ है, इससे खपत में वृद्धि देखी जा सकती है। आरबीआई ने ग्राहकों को 2000 का नोट बैंकों में जमा करवाने या बदलवाने के लिए कहा है। लेकिन यह उम्मीद है कि हाई-वैल्यू अमाउंट हाई वैल्यू खरीदारी में ट्रांसफर हो सकता है। जैसे- लोग सोना, जुलरी, एसी, मोबाइल फोन, रियल एस्टेट आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

**बैंकों में बढ़ेगा डिपॉजिट**

रिपोर्ट में कहा गया की एनर्जी स्टेशनों पर नकद लेनदेन, कैश ऑन डिलीवरी में खरीदारी, मंदिरों में दान और विभिन्न तरह की खरीदारी बढ़ने की संभावना है। यह भी तर्क दिया गया कि डिपॉजिट में इजाफा होगा। एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया, 'हालांकि, बैंकों में पैसा जमा कराने के बाद कुछ राशि वापस निकाल ली जाएगी। लेकिन मौजूदा ट्रेंड को देखते हुए उअरअ डिपॉजिट्स के बढ़ने (1.5 लाख करोड़ रुपये) की संभावना है।' ऑल शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक (अरउइ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दशार्ता है कि 2 जून, 2023 को समाप्त पखवाड़े के दौरान कुल जमा राशि में 3.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 216 अंक टूटा, निफ्टी 18,800 के नीचे

एजेंसी



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। आज के कारोबार में सेंसेक्स 216 अंक टूटा। वहीं, निफ्टी में भी 71 अंको की गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के अंत में निफ्टी 18,755.45 पर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 216.28 अंक यानी 0.34 फीसदी टूटकर 63,168.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 63,574.69 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 63,047.83 तक आया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 70.55 अंक यानी 0.37 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 18,755.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 18,881.45 की उंचाई तक गया और नीचे में 18,719.15 तक आया।

**टॉप गेनर :** आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 10 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। बजाज फाइनैंस, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा,टीसीएस और सन फार्मा सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा बजाज फाइनैंस के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.24 फीसदी तक चढ़े।

**टॉप लूजर :** वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 20 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी,एचयुएलऔर आइसीआइसीआई बैंक सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान कोटक बैंक के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.72 फीसदी तक गिर गए।

## पेज 1 का शेष

### संताल के रास्ते झारखंड...

**तापमान में गिरावट :** झारखंड में मानसून के प्रवेश करते ही तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मानूसन गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और दुमका के कुछ स्थानों में प्रवेश कर गया है। राजधानी रांची समेत अन्य कई जिलों में बूंदा-बांदी से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। झारखंड के कई इलाकों में मानसून अब धीरे- धीरे पहुंचेगा। मौसम विभाग ने 21 और 22 जून को भारी बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। मानसून ने भले ही राज्य में देर से प्रवेश किया है लेकिन इस वक्त की बारिश किसानों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकती है।

### गांव-गांव में सरकार...

**भूमि अधिग्रहण पर भी सरकार संवेदनशील :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया ग्रामीणों से कुछ शिकायतें मिली हैं। सीएम ने कहा, मैं प्रभावितों को आश्वस्त करता कि उनके साथ कोई अन्याय नहीं होगा। इस अवसर पर 3 अरब 64 करोड़ 34 लाख 68 हजार 925 रुपए की लागतवाली 177 योजनाओं की नींव रखी। जबकि 14 करोड़ 6 लाख 741 रुपए की 42 योजनाओं का उदघाटन किया। वहीं, लाड्डुकों के बीच 2 करोड़ 81 लाख 15 हजार 446 रुपए की परिसंपत्तियों बांटी। इस कार्यक्रम में 11 नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद ड्डोक्त, विधायक किशुन कुमार दास एवं अम्बा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### छवि रंजन समेत दस पर...


इस मामले में छवि रंजन, बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। जिसमें जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में रांची के छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई को गिरफ्तार किया गया था। **पीपी की याचिका पर हाइकोर्ट ने मांगा जवाब :** रांची। एक हजार करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद चर्चित व्यवसायी प्रेम प्रकाश की ओर से दाखिल क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी को मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

### चीन के खिलाफ अमेरिका...

**तैयारी शुरू :** योग दिवस समारोह से पहले न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय लॉन में तैयारी चल रही है, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। ंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसकी स्थापना के बाद, 2015 से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। योग एक शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है, जो प्राचीन भारत में उत्पन्न हुआ था। 2014 में संयुक्त राष्ट्र के संबोधन में मोदी ने 21 जून की तारीख का सुझाव दिया, क्योंकि यह उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन है और दुनिया के कई हिस्सों में एक विशेष महत्व रखता है। **भारत के लिए बड़ा मौका :** साथ ही अब भारत की विदेश नीति मुखर हो गई है। अमेरिका भी अब इसे चीन के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता में एक अनिवार्य सहयोगी के रूप में देखता है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा को एक ऐसे मौके के तौर पर देखा जा रहा है जो दोनों देशों के बीच बड़े रक्षा सौदों को अंजाम तक ले जा सकता है। इकोनॉमिस्ट के मुताबिक पीएम मोदी विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला और वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ ही अमेरिकी कांग्रेस को एक से ज्यादा बार संबोधित करने वाले कुछ विदेशी नेताओं की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे। भारत की अर्थव्यवस्था भी अब अपनी क्षमता का अहसास कराने लगी है। ऐसे में इसके अमेरिका का आकर्षण बढ़ने पर हैरानी नहीं होनी चाहिए।

# कोल इंडिया 226.10 रुपये के दर से बेचेगी 92.44 लाख शेयर

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के 92.44 लाख शेयर बेचने जा रही है, जो 0.15 फीसदी इक्विटी के बरारबर है। सरकार ये शेयर 226.10 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचेगी। कोल इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 92.44 लाख शेयर कर्मचारियों को बेचेगी, जो 0.15 फीसदी इक्विटी के बरारबर है। सीआईएल ने कहा कि यह शेयर कर्मचारियों को खुली बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत 226.10 रुपये प्रति शेयर के भाव से दी जाएगी। यह योजना 21 जून से 23 जून तक खुली रहेगी। सीआईएल में 0.15 फीसदी हिस्सेदारी की बिक्री से केंद्र सरकार को करीब 20 हजार करोड़ रुपये मिलेंगे। इससे पहले कोल इंडिया में अपनी तीन फीसदी हिस्सेदारी संस्थागत और खुदरा निवेशकों को 225 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचकर सरकार ने 4,185 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस बिक्री पेशकश के बाद कोल इंडिया में सरकार की हिस्सेदारी घटकर 63.13 फीसदी रह जायेगी। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों में हिस्सेदारी बिक्री से 4,235 करोड़ रुपये जुटाये हैं। सरकार ने विनिवेश से पूरे साल का लक्ष्य 51,000 करोड़ रुपये रखा है।

# इंडिगो एयरलाइन ने एयरबस को दिया 500 विमानों का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** किफायती विमानन सर्विस मुहैया कराने वाली एयरलाइंस इंडिगो ने यूरोपीय विमान विनिमार्ता कंपनी एयरबस को एक बड़ा ऑडर दिया है। इंडिगो ने एयरबस को 500 विमानों की आपूर्ति का ऑर्डर देने का ऐलान किया है। हालांकि, इस सौदे के वित्तीय पहलुओं का ब्यौरा अभी सामने नहीं आया है।

कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि एयरबस को 500 विमानों की आपूर्ति का पक्का ऑर्डर दिया गया है। यह एयरबस को किसी भी एयरलाइन की ओर से दिया गया सबसे बड़ा विमान ऑर्डर है। इंडिगो एयरलाइन के नए विमान ऑर्डर में ए320 नियो, ए321 नियो और ए321 एक्सएलआर विमान शामिल हैं।

इंडिगो ने जारी बयान के मुताबिक वर्ष 2030 से लेकर 2035 की अवधि के लिए किए गए 500 अतिरिक्त विमानों के पक्के ऑर्डर के साथ ही एयरलाइन की ऑर्डरबुक में करीब एक हजार विमान हो चुके हैं, जिनकी आपूर्ति अगले एक दशक में की जाएगी। इंडिगो के बेड़े में फिलहाल 300 से ज्यादा विमान हैं। कंपनी ने इसने पहले भी 480 विमानों के ऑर्डर दिए थे, लेकिन अभी तक उनकी आपूर्ति नहीं हो पाई है।

## स्पीड न्यूज

### इराक के मंत्री अल स्वद ने उपराष्ट्रपति से मुलाकात की

**नयी दिल्ली।** इराक के तेल मंत्री हयान अब्दुल गनी अल-स्वद ने सोमवार को उप राष्ट्रपति निवास में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और इराक के तेल मंत्री हयान अब्दुल गनी अल स्वद ने भारत और इराक के बीच आपसी हित के मामलों पर चर्चा की और दोनों देशों के बीच सदियों से चले आ रहे ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया।

### मेक्सिको में भूकंप से हिली धरती, तीव्रता 6.3 रही

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको के तट पर रविवार की आधी रात के बाद लगभग 2:00 बजे भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किये गये। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.3 रही। यह जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। पिछले महीने भी मेक्सिको में भूकंप के तेज झटके महसूस किये जा चुके हैं।

### चीनी राष्ट्रपति से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन

**बीजिंग।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की है। दोनों नेताओं में अमेरिका और चीन के रिश्तों में सुधार पर बातचीत हुई है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस समय चीन के दौरे पर हैं। ब्लिंकन और जिनपिंग की मुलाकात सोमवार को हुई। बैठक में अमेरिका और चीन के रिश्तों में सुधार पर चर्चा हुई।

### इजराइली सैनिकों और फिलिस्तीनियों में संघर्ष

**यरुशलम।** इजराइल व फिलिस्तीन के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। फिलिस्तीन वेस्ट बैंक में इजलाइली सैनिकों और फिलिस्तीनियों के बीच भीषण संघर्ष में तीन लोगों की मौत हो गयी और 29 घायल हो गये। वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में इजलाइली सैनिकों और चरमपंथियों में जोरदार संघर्ष हुआ है। फिलिस्तीन अधिकारियों ने दावा किया कि इजराइली सैनिकों की गोलीबारी से एक नाबालिग सहित तीन फिलिस्तीनी मारे गये।

### भारत-चीन सीमा विवाद पर स्थिति साफ करे केंद्र : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मांग की है कि केंद्र सरकार भारत-चीन सीमा विवाद पर स्थिति साफ करे। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाये और स्थिति को देश के सामने रखा जाये। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष होने के नाते कांग्रेस मांग करती है कि भारत-चीन सीमा विवाद पर एक व्यापक चर्चा कर एक श्वेत पत्र जारी किया जाये कि पिछले तीन साल में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएली) के ऊपर जो घटनाक्रम हुआ है, उसकी सच्चाई क्या है।

## पुरी में रथयात्रा से पूर्व नबजौबन वेश में महाप्रभु ने दिया दर्शन

**भुवनेश्वर (हि.स.)।** पुरी में श्रीगुंडिचा रथ यात्रा से एक दिन पूर्व सोमवार को महाप्रभु श्रीजगन्नाथ ने भक्तों को नबजौबन वेश में दर्शन दिया। सोमवार की सुबह छह बज कर दस मिनट पर मंगल आरती हुई। इसके बाद मइलम, अवकाश, दश अवतार (बाहुडा नीति) संपन्न हुई। सुबह 8 बजे से महाप्रभु ने भक्तों को नबजौबन वेश में दर्शन दिया। लाखों श्रद्धालुओं ने आज महाप्रभु का नबजौबन वेश में दर्शन किया। श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये हैं। विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी लगाये गये हैं।



मंगलवार को रथयात्रा का आयोजन होगा। जब महाप्रभु श्रीजगन्नाथ, बलभद्र व देवी सुभद्रा रत्न सिंहासन छोड़ कर रथों के जरिये अपनी जन्मवेदी मौसी मां के मंदिर के लिए यात्रा करेंगे।

## भारत में वांछित खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में गोली मारकर हत्या

**एजेंसी**

**ओटावा।** कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के पंजाबी बहुल सरे में स्थित गुरु नानक सिख गुरुद्वारा में भारत में वांछित आतंकवादी खालिस्तानी समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। वह इस गुरुद्वारा का अध्यक्ष था।

भारत में पंजाब के फिल्लौर में पुजारी हत्याकांड मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर पर 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी। निज्जर अलगाववादी संगठन सिख




फॉर जस्टिस (एसएफजे) से संबद्ध था। यह संगठन भारत में प्रतिबंधित है। निज्जर ने ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान जनमत संग्रह कराने में अहम भूमिका निभायी थी। भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने निज्जर के खिलाफ कथित तौर पर आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में आरोपपत्र दायर किया था। भारत ने कनाडा के अधिकारियों से पंजाब में आतंकवादी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए निज्जर के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था।

# मोदी की यात्रा से उत्साहित हैं अमेरिकी सांसद

## भारत-अमेरिकी द्विपक्षीय संबंधों का महत्वपूर्ण बिंदु बनेगी भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बुधवार 21 जून से शुरू हो रही अमेरिका यात्रा से अमेरिकी सांसद खासे उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि मोदी की अमेरिका यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में पुनर्गठन में तेजी आयेगी। वे मानते हैं कि भारतीय प्रधानमंत्री की यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों का महत्वपूर्ण बिंदु साबित होगी और दोनों देशों के एक साथ आगे बढ़ने का प्रमुख प्रतीक बनेगी।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इस यात्रा को लेकर उत्साहित रिपब्लिकन सांसद टॉड यंग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा अमेरिका और भारत के संबंधों में एक महत्वपूर्ण बिंदु है। अमेरिकी सदन में इंडियाना का प्रतिनिधित्व करने वाले यंग ने कहा कि दोनों देशों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए।

सीनेट इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष व रिपब्लिकन सांसद जॉन



कॉर्निन ने उम्मीद जताई कि इस यात्रा से भारत-अमेरिका के रिश्तों में पुनर्गठन में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश इतिहास की बातें कर सकते हैं, किंतु अब हम वापस जाकर इतिहास बदल नहीं सकते। हम अपने मौजूदा वास्तविक खतरे पहचान सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीन के साथ चल रहे सीमा युद्ध को लेकर भारत की चिंताएं सही हैं। कॉर्निन ने कहा कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को अधिक अमेरिकी निवेश के लिए खोलने और हमारे साथ काम करने से लाभ होगा। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा हमारे एक साथ बढ़ने का बहुत महत्वपूर्ण प्रतीक है। भारत अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता बनाये रखना चाहता है और यह एक सकारात्मक संकेत है। सांसद मार्क वार्नर ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण करने वाले रूस के सैनिकों की तुलना में चीन के पास भारतीय सीमा पर अधिक खतरनाक सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि यह ताइवान की समस्या नहीं है, यह चीन की समस्या है। भारतीय इसे पहचानते हैं। कांग्रेसी जुआन सिस्कोमनी ने कहा कि मोदी की ऐतिहासिक यात्रा को लेकर वे बहुत उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका और भारत के बीच इस रिश्तों के मामले में दोनों देशों का सम्मान अर्जित किया है।

### पीएम की यात्रा रक्षा सहयोग के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण : विदेश सचिव

**नयी दिल्ली।** विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बुधवार से होने वाली अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा रक्षा सहयोग, वाणिज्य और निवेश के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस दौरान रक्षा उद्योग सहयोग का खाका तैयार हो सकता है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की आगामी यात्रा पर दिल्ली में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर व्यापक और गहन चर्चा होगी। भारत और अमेरिका के बीच तकनीकी साझेदारी बहुत समृद्ध है और हम कम्पयूटर चिप्स और अन्य महत्वपूर्ण तकनीकों पर पर्याप्त प्रगति करना चाहते हैं।

### पीएम की राजकीय यात्रा से पहले समूचा अमेरिका मोदीमय

**वाशिंगटन (हि.स.)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजकीय यात्रा शुरू होने से पहले समूचा अमेरिका मोदीमय हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए यहां रह रहे भारतीय-अमेरिकियों का उत्साह पूरे शबाब पर है। उनकी यात्रा से पहले सैकड़ों भारतवंशी देश के प्रमुख स्थानों पर एकत्र होकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। वाशिंगटन डीसी और आसपास के इलाकों में सैकड़ों लोग भारत-अमेरिका एकता का संदेश देने के लिए राष्ट्रीय स्मारक के पास एकत्र हुए। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का बेसब्री से इंतजार है। मोदी-मोदी और भारत-अमेरिका दोस्ती के नारे लगाते हुए लोगों ने ऐतिहासिक लिंकन मेमोरियल के आसपास जुलूस निकाला। इस दौरान खुशी में डूबे कुछ लोग अचानक नाचने भी लगे। इसी तरह के दृश्य न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर और सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज पर भी दिखायी दिये। वाशिंगटन डीसी और न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री मोदी के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए टिकट खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इंडियास्पोरा के संस्थापक एमआर रंगास्वामी का कहना है कि यह मोदी मैजिक है। व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत समारोह में कई हजार भारतीय मूल के लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। राष्ट्रपति बाइडन और प्रथम महिला डॉ जिल बाइडन उनका स्वागत करेंगे। अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुनने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी अब भी टिकट की तलाश कर रहे हैं। सांसदों को यह तय करने में मशक्कत करनी पड़ रही है कि आगंतुक दीर्घा से प्रधानमंत्री के भाषण को सुनने के लिए वे अपना एक टिकट किसे दें। ज्ञात हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। बाइडन दंपति 22 जून को प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 22 जून को ही कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन के प्रतिष्ठित रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग ऐंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में 23 जून को भारतीय-प्रवासियों को संबोधित करेंगे।




## भारत ने वियतनाम को उपहार में दिया स्वदेशी कार्वेट आइएनएस कृपाण

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारत ने वियतनाम पीपुल्स नेवी को स्वदेश निर्मित मिसाइल कार्वेट आइएनएस कृपाण उपहार में देने की घोषणा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नयी दिल्ली में वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान गैंग के साथ द्विपक्षीय बातचीत के बाद यह एलान किया। वियतनाम को उपहार में दिया गया युद्धपोत आइएनएस कृपाण मिसाइल जलपोत के खुखरी वर्ग का तीसरा जहाज है। वियतनाम को उपहार में दिया गया युद्धपोत आइएनएस कृपाण मिसाइल जलपोत के खुखरी वर्ग का तीसरा जहाज है और इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने किया था। मध्यम आकार के इस युद्धपोत के शस्त्रागार में सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, एक मध्यम दूरी की बंदूक, एंटी एयरक्राफ्ट शोल्डर-लांच मिसाइल और क्लोज इन वेपन सिस्टम शामिल हैं। यह सतह और हवाई निगरानी राडार के साथ-साथ बंदूकों के लिए अग्नि नियंत्रण राडार से लैस है। इसमें लगी मिसाइल 85 किमी तक के लक्ष्य को भेद सकती है, जबकि इसकी एंटी-एयरक्राफ्ट गन 15 किमी की रेंज में प्रति मिनट 5000 राउंड फायर कर सकती है।

## गीता प्रेस पर जयराम रमेश की टिप्पणी की चौतरफा आलोचना

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** गीता प्रेस गोरखपुर को वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार दिये जाने पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश की टिप्पणी का चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि यह प्रेस के भगीरथ कार्यों का सम्मान है।

अमित शाह ने कहा है कि भारत की गौरवशाली प्राचीन सनातन संस्कृति और आधार ग्रंथों को अगर आज सुलभता से पढ़ा जा सकता है, तो इसमें गीता प्रेस का अतुलनीय योगदान है। 100 वर्षों से अधिक समय से गीता प्रेस रामचरित मानस से लेकर श्रीमद् भागवत गीता जैसे कई पवित्र ग्रंथों को निःस्वार्थ भाव से जन-जन तक पहुंचाने का अद्‌भुत कार्य कर रही है। गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार 2021 मिलना, उनके द्वारा किये जा रहे इन भागीरथ कार्यों का सम्मान है। रविवार को कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि यह फैसला वास्तव में एक उपहास है और सावरकर और गोडसे को पुरस्कार देने जैसा है। उन्होंने कहा था कि 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार गोरखपुर, गीता प्रेस को प्रदान किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता जितेंद्र सिंह ने कहा कि गीता प्रेस भारत की संस्कृति से जुड़ी है, हिंदू मान्यताओं के साथ जुड़ी है। सस्ती दरों पर साहित्य का निर्माण करती है और इसके ऊपर आरोप वे लगा रहे हैं, जो कहते थे कि मुस्लिम लीग सेक्युलर थी। असम के सीएम हेमंत विस्वा सरमा ने कहा कि कर्नाटक में जीत के साथ, कांग्रेस ने अब खुले तौर पर भारत के सभ्यतागत मूल्यों और समृद्ध विरासत के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया है। धर्मांतरण विरोधी कानून को रद्द करने या गीता प्रेस के खिलाफ आलोचना इसका उदाहरण है। लोग इस आक्रामकता का विरोध करेंगे और सभ्यता को फिर से स्थापित करेंगे।

### गीता प्रेस ने गांधी शांति पुरस्कार की 1 करोड़ रुपये की धनराशि लेने से किया इनकार

**नयी दिल्ली।** अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए केंद्र सरकार द्वार वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया जा रहा है। गीता प्रेस ने सम्मान को स्वीकारते हुए कहा कि गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित होना बड़े सम्मान की बात है। हालांकि, वह इसकी नकद राशि को स्वीकार नहीं करेगा, जो कि एक करोड़ रुपये है।

## पाकिस्तान में पांव पसार रहा तालिबान, पंजाब सहित 12 इकाइयों का एलान

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अब पूरे पाकिस्तान में पांव पसार रहा है। टीटीपी ने पंजाब सहित 12 इकाइयों का एलान किया है। टीटीपी ने अब उसी तरह पाकिस्तान पर अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति बनायी है, जैसे अफगानिस्तान में तालिबान ने किया था। टीटीपी के आतंकी अपने नेटवर्क का विस्तार करने में जुटे हैं। पाकिस्तान में कुल इनकी 12 इकाइयों का एलान किया है। टीटीपी ने बलूचिस्तान के कलात और मकरान इलाके में नयी प्रशासनिक इकाई की घोषणा की है। साथ ही, पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के उत्तरी और दक्षिणी इलाके में इकाइयों की स्थापना की है। दरअसल, देश के खराब हालात का फायदा उठाते हुए टीटीपी आतंकी अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं और इसीलिए टीटीपी ने पिछले सप्ताह नयी मोर्चेबंदी का एलान किया है। ये आतंकी अब देश के उन इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं, जहां धार्मिक और जातीय विवाद बहुत ज्यादा हैं। टीटीपी की यह चाल है कि पाकिस्तान के उन इलाकों को निशाना बनाया जाये, जो कमजोर हैं, ताकि सुरक्षा बलों के लिए चुनौती पैदा की जा सके।

## सुपर राफेल बना रहा फ्रांस, अमेरिकी एफ-35 से होगा मुकाबला

**पेरिस (हि.स.)।** दुनिया में युद्धक विमानों की होड़ को और तेज करते हुए फ्रांस अब सुपर राफेल लड़ाकू विमान बना रहा है। इसका मुकाबला अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 से होगा। फ्रांसीसी विमान निमार्ता कंपनी डसॉल्ट एविएशन सुपर राफेल एफ5 का निर्माण कर रही है। यह लड़ाकू विमान स्टील्थ तकनीक से लैस होगा और हाइपरसोनिक मिसाइलों को भी उड़ा सकेगा। इस विमान के साथ लड़ाकू ड्रोन को भी जोड़ा जा सकेगा।

स्वरक्षा प्रणाली के साथ संयुक्त जैमिंग रडार से लैस सुपर राफेल एफ-5 लड़ाकू विमान, जिस समय युद्ध के मैदान में होगा, तो वह अपने लिए एक सुरक्षा दीवार का सृजन भी कर सकेगा। इन स्थितियों में सुपर राफेल पर हमला करने के लिए आयीं दुश्मन की एयर डिफेंस मिसाइलें इसके आसपास नहीं आ पायेंगी।

फ्रांस के इस लड़ाकू विमान का मुख्य मुकाबला अमेरिका के एफ-35 से होगा। वर्तमान में अमेरिका अपने एफ-35 को दुनिया के कई देशों को बेच रहा है। इसके अलावा, किसी भी देश के पास मार्केटिंग के लिए एफ-35 जैसा लड़ाकू विमान नहीं है।

## भोपाल में धर्मांतरण को यातनाएं देने के मामले में आरोपियों पर एनएसए

**भोपाल (हि.स.)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में धर्मांतरण का दबाव बनाने के लिए एक युवक को यातनाएं दी गयीं। उसके गले में पट्टा बांधकर उसे कुत्ते की तरह घसीटा गया। उसे सड़क पर घुटनों के बल बैठाकर भौंकने को कहा गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सोमवार को पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। इनमें से तीन आरोपी फैजान खान, समीर खान और साहिल उर्फ सलाउद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की कार्रवाई की गयी है। साथ ही, जिला प्रशासन ने उनके घरों पर हथौड़ा चलाकर ध्वस्त किया जा रहा है। गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा, हमने 24 घंटे में कार्रवाई करने की बात कही थी। छह घंटे के अंदर ही आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये। थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया। ऐसी घृणित मानसिकता वाले लोग और ऐसी घृणित सोच को हम कुचलने का काम करेंगे। भोपाल में वो कार्रवाई हो, जो पूरे मध्य प्रदेश के लिए नजीर बने। उन्होंने बताया कि आरोपितों पर एनएसए लगाया गया है। मामला भोपाल के टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र का है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने चौहान ने मामले को संज्ञान में लेकर नाराजगी जताते हुए पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा और भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह को सख्त निर्देश दिये थे कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।




## रश्मिका मंदाना के साथ हुई 80 लाख की ठगी

**एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना** फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से भी चर्चा में रहती हैं। उनके मैनेजर ने उनसे 80 लाख रुपये की ठगी की। ये मैनेजर रश्मिका के करियर की शुरुआत से उनके साथ काम करता था, लेकिन जैसे ही 80 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया रश्मिका ने उन्हें तुरंत नौकरी से निकाल दिया। इस बारे में अभी तक रश्मिका की तरफ से कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। टॉलीवुड में अपना नाम बनाने के बाद रश्मिका ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। वह जल्द ही संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म



एनीमल में नजर आयेंगी। इसमें रणबीर कपूर, अनिल कपूर और बॉबी देओल भी हैं। यह फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी। इसके अलावा रश्मिका फिल्म पुष्पा : द रूल में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। पहले भाग में श्रीवल्ली के रूप में उनकी भूमिका को खूब सराहा गया। अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से भी चर्चा में रहने वाली रश्मिका का नाम हमेशा अर्जुन रेड्डी फेम अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ जोड़ा जाता है, लेकिन इन दोनों ने कभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## नेपाल के लोगों से माफी मांगने के बावजूद काठमांडू के सिनेमाघरों में 'आदिपुरुष' पर रोक

**काठमांडू (हि.स.)।** आदिपुरुष फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने फिल्म के संवाद के कुछ अंशों के लिए नेपाल के लोगों से माफी मांगी है। कंपनी का कहना है कि उन संवाद का मकसद नेपाल के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। हालांकि, इसके बावजूद काठमांडू के सिनेमाघरों में फिल्म का प्रदर्शन रोक दिया गया है। सोमवार को काठमांडू के किसी भी हॉल में आदिपुरुष फिल्म नहीं दिखायी जा रही है। नेपाल फिल्म एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार उदय ने कहा कि काठमांडू महानगर के अभियान का समर्थन करने के लिए आदिपुरुष के प्रदर्शन को रोक दिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस संवाद को हटाने का समर्थन किया कि सीतामाता भारतीय बेटी है। उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्मों को पूरी तरह से बंद करने पर कोई सहमति नहीं है। आदिपुरुष की प्रोडक्शन कंपनी सुपर कैसेट्स ने काठमांडू के मेयर बालेन शाह और फिल्म डेवलपमेंट बोर्ड को पत्र लिखकर नेपाल के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर माफी मांगी है।

### 'आदिपुरुष' ने दो दिनों में सारे रिकॉर्ड तोड़े

**मुंबई।** देश के सुपरस्टार प्रभास की हालिया रिलीज फिल्म 'आदिपुरुष' थियेटर में ऑडिएंस को खींचकर लाने वाले एक्टर के रूप में उनकी स्थिति को और भी मजबूत कर दिया है। फिल्म रिलीज के केवल दो दिनों के भीतर ही दुनिया भर में 240 करोड़ की चौंका देने वाली कमाई के साथ आदिपुरुष ने बॉक्स ऑफिस की सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं।

